वाराणसी शुक्रवार
04 अक्टूबर 2024
वर्ष : 1 अंक : 23
मूल्य : 4.00 रुपए
पृष्ठ : 08
Title Code : UPHIN51376

ujalasanchar376@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# उजाला संचार

वाराणसी से प्रकाशित तथा लखनऊ, बरेली, कानपुर, प्रयागराज, चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर बलिया, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, गोरखपुर, भदोही, देवरिया सहित संपूर्ण यूपी, बिहार दिल्ली से प्रसारित



## जेल मैनुअल से भेदभाव बढ़ाने वाले नियम हटाएं: सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जेल मैनुअल से जातिगत भेदभाव बढ़ाने वाले नियमों को हटाने को कहा है। शीर्ष कोर्ट ने कुछ राज्यों को निर्देश दिए हैं कि जेल में जाति के आधार पर काम का बंटवारा न किया जाए। जेल में जातिगत आधार पर काम के बंटवारे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने गुरुवार को आदेश में कहा कि इन चीजों की अनुमति नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने ऑर्डर में ये भी कहा कि किसी विशेष जाति के कैदियों से सीवर टैंक साफ कराना गलत है। पुलिस को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने राज्य सरकारों को आदेश दिया कि जेल मैनुअल में जातिगत भेदभाव बढ़ाने वाले नियमों में 3 महीने में बदलाव किया जाए। जनहित याचिका में कहा था- 17 राज्यों की जेलों में कैदियों के साथ भेदभाव दरअसल, यह मामला एक पत्रकार सुकन्या शांता ने उठाया था। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की और दलील दी कि देश के करीब 17 राज्यों में जेलों में बंद कैदियों के साथ जाति आधारित भेदभाव हो रहा है। इस पर पहली सुनवाई जनवरी 2024 में हुई। कोर्ट ने 17 राज्यों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा। छह महीने के अंदर केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। याचिकाकर्ता सुकन्या शांता मानवाधिकार कानून और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर लिखती हैं। उन्होंने अपनी खबरों के जरिए जेल में जातिगत भेदभाव का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर 2020 में रिसर्च रिपोर्ट भी तैयार की। रिपोर्ट में जिक्र था कि भारत के 17 राज्यों में कैदियों को काम का बंटवारा उनकी जाति देखकर किया जाता है। सुकन्या की यह रिपोर्ट 'द वायर' पर पब्लिश हुई थी। राजस्थानः राजस्थान में कैदी अगर नाई होगा तो उसे बाल और दाढ़ी बनाने का काम मिलेगा; वहीं, ब्राह्मण कैदी को खाना पकाने का काम मिलता है। वाल्मीकि समाज के कैदी सफाई करते हैं। केरलः केरल में आदतन अपराधी और दोबारा दोषी ठहराए गए अपराधी के बीच अंतर किया जाता है। आदतन डकैत या चोर को अलग अलग कैटेगरी में बांटा गया।

# महिलाओं के खाते में डालेंगे खटाखट-खटाखट 2 हजार रुपए : राहुल गांधी

## भाजपा, कांग्रेस, आप सहित अन्य दलों के दिग्गजों ने झोंकी ताकत

**नूंह।** हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर गुरुवार को चुनाव प्रचार थम गया। हरियाणा की अलग-अलग विधानसभाओं में भाजपा-कांग्रेस-आप सहित अन्य क्षेत्रीय दलों के दिग्गजों ने पूरी ताकत झोंक दी। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी आखिरी दिन हरियाणा के नूंह में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा करने के लिए पहुंचे।

राहुल गांधी को यहां पर सुनने के लिए भारी तदाद में लोग पहुंचे थे। राहुल ने अपने संबोधन में कुछ ऐसा कहा कि लोगों को लोकसभा चुनाव की यादें ताजा हो गई।

दरअसल, राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद यहां पर महिला शक्ति योजना के तहत हर महीने महिलाओं के खाते में खटाखट-खटाखट दो हजार रुपए डाले जाएंगे। राहुल का कुछ ऐसा अंदाज लोकसभा चुनाव के दौरान भी देखने को मिला था। राहुल गांधी ने कहा, हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद, 1200 रुपए का गैस सिलेंडर 500 रुपए में मुहैया कराया जाएगा। 700 रुपए खटाखट-खटाखट आपके खाते में डाले जाएंगे। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पुरानी पेंशन स्कीम को दोबारा लागू करेंगे। यहां के युवाओं को दो लाख सरकारी नौकरी दी जाएगी। नौकरी में किसी भी धर्म के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, भाजपा संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही है और कांग्रेस आपके अधिकारों के इस सुरक्षा कवच की रक्षा के लिए लड़ रही है। कांग्रेस को समर्थन देकर आपको भी संविधान का रक्षक बनना है, हमें मिलकर देश की संस्थाओं और मीडिया को स्वतंत्रता, महिलाओं को सुरक्षा, युवाओं को रोजगार, किसानों को समृद्धि और गरीबों, वंचितों को न्याय दिलाने का साधन बनना है।



## गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाएगी सरकार

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश सरकार पूरे राज्य में गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अभियान की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए हैं। सीएम ने कहा कि अभियान के दौरान लापरवाही बदार्शत नहीं की जाएगी। सीएम योगी ने गोवंश को हरा चारा, भूसा और पौष्टिक पशु आहार उपलब्ध कराने का भी फैसला लिया है। इसी क्रम में प्रदेश के 12 जिलों में 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को 100 प्रतिशत कब्जा मुक्त कराया जा चुका है। सीएम योगी ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नोडल अधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है ताकि अभियान की प्रॉपर मॉनिटरिंग हो सके। वहीं नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन अभियान की रिपोर्ट शासन को सौंपनी होगी। सीएम योगी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में गोचर भूमि की सूची तैयार की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कितनी गोचर भूमि पर कब्जा है। उसी के अनुसार, जिला वार अभियान चलाया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश में अपराधी बेलगाम: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। वहीं कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि, प्रदेश सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन निर्दोष लोगों को झूठे मामलों में फंसाकर कार्रवाई कर रही है। सूबे में दोषियों को बचाने का काम किया जा रहा है। चाहे हाथरस में दलित बेटी का जबरन दाह संस्कार हो या बीएचयू में गैंगरेप का मामला, इस सरकार में उन्हें न्याय नहीं मिला। सरकार ने आरोपियों को संरक्षण दिया, जबकि पीड़िता के पक्ष में न्याय के लिए आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि, भाजपा सरकार वाराणसी आईआईटी, बीएचयू गैंगरेप का विरोध करने वाले 13 छात्र-छात्राओं का निलंबन कर रही है। यह बेहद निंदनीय कदम है। सरकार के शह पर विश्वविद्यालय की तानाशाही बेहद शर्मनाक घटना है। अखिलेश यादव ने सवाल पूछते हुए कहा कि, भाजपा सरकार अपराधियों को बचाने और न्याय के लिए आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित करके क्या संदेश देना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि ये सभी आरोपी भाजपा के कार्यकर्ता हैं, इसलिए यह सरकार उन्हें बचाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रही है।

# अयोध्या में 4 महीने में बनेगा राम मंदिर का शिखर

## मंदिर 161 फीट ऊंचा होगा, 44 फीट की धर्म ध्वजा लगेगी



**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर के शिखर का निर्माण गुरुवार (3 अक्टूबर) से शुरू हो गया। यह 120 दिन (4 महीने) में बनकर तैयार होगा। इसके बाद मंदिर की कुल ऊंचाई 161 फीट हो जाएगी। शिखर में सबसे ऊपर धर्म ध्वजा होगी। इसकी ऊंचाई 44 फीट होगी। शिखर निर्माण का काम शुरू करने से पहले स्थल पर पूजा-अर्चना की गई। शिखर पर लगने वाले मुख्य पत्थर की पूजा की गई।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया, 'कंस्ट्रक्शन अपनी रफ्तार से चल रहा है। जो डेडलाइन तय की है, उसमें काम पूरा होगा।' इस साल 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ था। मोदी ने दोपहर 12:30 बजे भगवान राम की पूजा-अर्चना की थी। 22 जनवरी से अब तक 2.06 करोड़ भक्त दर्शन कर चुके हैं।

नागर शैली में बन रहे मंदिर का शिखर भी उसी शैली का होगा। शिखर का डिजाइन सोमपुरा आर्किटेक्ट्स ने तैयार किया है। डिजाइन को ट्रस्ट ने पहले ही फाइनल कर दिया था। पूरे मंदिर की (शिखर तक) ऊंचाई 161 फीट है। शिखर के निर्माण में कम से कम 120 दिन का समय लगेगा।

शिखर पर धर्म ध्वजा भी होगी। मंदिर में शिखर बनाना सबसे मुश्किल माना जाता है। इसीलिए इसका निर्माण शुरू होते समय सभी एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। राम मंदिर के निर्माण की विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए शिखर का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए इसकी मजबूती और खूबसूरती दोनों का ध्यान रखा जाएगा।

# मैरिटल रेप को अपराध कहने के खिलाफ केंद्र सरकार

## सुप्रीम कोर्ट से कहा- ये कानूनी नहीं सामाजिक मुद्दा, आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल कर मैरिटल रेप को अपराध घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं का विरोध किया है। केंद्र ने कहा कि मैरिटल रेप को अपराध घोषित करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इसके लिए कई अन्य सजाएं भारतीय कानून में मौजूद हैं।

सरकार ने कहा कि यह मुद्दा कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक है। इसके बावजूद अगर इसे अपराध घोषित करना ही है, तो यह सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सरकार ने यह भी कहा कि सभी स्टेकहोल्डर्स से चर्चा किए बिना इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया जा सकता है। संसद ने पहले ही विवाह के अंदर शादीशुदा महिला की सहमति की सुरक्षा करने के कई उपाय किए हैं। इसमें क्ढउ के सेक्शन 498अ के तहत शादीशुदा महिला से क्रूरता, महिला की अस्मिता का उल्लंघन करने के खिलाफ कानून और घरेलू हिंसा से बचाव, 2005 का कानून शामिल है।

केंद्र बोला- शादी में महिला की सहमति खत्म नहीं होती है केंद्र ने यह स्वीकार किया कि शादी के बाद भी महिला की सहमति का महत्व खत्म नहीं हो जाता है और महिला की गरिमा के किसी भी तरह के उल्लंघन पर आरोपी को सजा दी जानी चाहिए। साथ ही केंद्र ने यह भी कहा कि शादी के रिश्ते के बाहर इस तरह की घटना होती है, तो उसका नतीजा शादी के रिश्ते में होने वाले उल्लंघन से अलग होता है।



केंद्र ने कहा कि विवाह में पति-पत्नी को एक-दूसरे से सेक्शुअल रिलेशन बनाने की उम्मीद रहती है, हालांकि ऐसी उम्मीदों के चलते पति को यह अधिकार नहीं मिलता कि वह पत्नी के साथ जबरदस्ती करे। किसी पति को एंटी-रेप कानून के तहत सजा देना गैरजरूरी कार्रवाई हो सकती है।

पत्नी की इजाजत के बिना पति द्वारा जबरन शारीरिक संबंध बनाने को मैरिटल रेप कहा जाता है। मैरिटल रेप को पत्नी के खिलाफ एक तरह की घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न माना जाता है। भारत में मैरिटल रेप को अपराध नहीं माना जाता है।

कर्नाटक और दिल्ली हाईकोर्ट के फैसलों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला कर्नाटक हाईकोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के दो फैसलों के खिलाफ मैरिटल रेप को क्रिमिनलाइज करने की मांग का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है।

# 12 लाख रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस मिलेगा

## केंद्रीय कैबिनेट का फैसला; किसानों की 2 योजनाओं के लिए एक लाख करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** दिवाली के पहले रेलवे के कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस मिलेगा। यह फैसला केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को लिया गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने रेलवे कर्मचारियों के लिए 2029 करोड़ रुपए के प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस को मंजूरी दी है।

उन्होंने बताया कि इस ऐलान से रेलवे के 11,72,240 कर्मचारियों का फायदा मिलेगा। सरकार ने प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना को भी मंजूरी दी है। इसके लिए 1,01,321 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया।

मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषाओं को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया जाएगा। चेन्नई मेट्रो के फेज-2 के लिए 63,246 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस योजना 20,704 पोर्ट कर्मचारियों के लिए भी मंजूर की गई है। राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- तिलहन के तहत तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने और खाद्य तेलों



में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 2024-25 से 2030-31 तक 10,103 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

शास्त्रीय भाषा घोषित किए जाने के 3 पैमाने

किसी भाषा को इस श्रेणी में लाने के लिए उस भाषा के कम से कम हजार साल के दौरान रिकॉर्ड किए गए इतिहास या शुरूआती ग्रंथ बेहद प्राचीन होने चाहिए। भाषा का एक प्राचीन साहित्य या ग्रंथों का संग्रह हो, जिसे कई पीढ़ियां मूल्यवान मानती हों। भाषा की साहित्यिक परंपरा मौलिक हो, किसी अन्य भाषा से उधार नहीं ली गई हो। भारत सरकार ने 12 अक्टूबर 2004 को शास्त्रीय भाषाओं की एक नई श्रेणी बनाई थी और तमिल को शास्त्रीय भाषा घोषित किया था। इसके बाद 2005 में संस्कृत, 2008 में तेलुगु, 2008 में कन्नड़, 2013 में मलयालम और 2014 में उड़िया को शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा दिया गया। सरकार नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 28,602 करोड़ रुपए निवेश करेगी। सरकार नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 28,602 करोड़ रुपए निवेश करेगी।

इससे पहले 28 अगस्त को मंत्रिपरिषद बैठक में 12 नई इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी को मंजूरी दी गई थी।

# अमेठी में सरकारी टीचर, पत्नी और दो बेटियों की हत्या

## घर में घुसकर 9 राउंड गोली मारी; एसटीएफ के डीके शाही को खुलासे की जिम्मेदारी

**अमेठी।** यूपी के अमेठी में सरकारी टीचर समेत पूरे परिवार को गोली मार दी गई। गुरुवार शाम बदमाशों ने घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोली लगने से टीचर सुनील कुमार, उनकी पत्नी और 5 और डेढ़ साल की बेटियों की मौत हो गई। घर के आंगन में नल के पास पति-पत्नी के शव पड़े थे। थोड़ी दूर पर उनके दो मासूम बच्चों की लाश थी। एसपी अनूप सिंह कई थानों की पुलिस के साथ पहुंचे। फोरेंसिक, सर्विलांस और डॉग स्क्वायड ने सबूत जुटाए। मौके से पिस्टल के 9 खोखे मिले हैं। एडीजी लखनऊ जोन एसबी शिरडकर, आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार ने मौके पर पहुंचकर एसपी से जानकारी ली। डीजीपी प्रशांत कुमार पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। सीएम योगी ने कहा- दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। यूपी एसटीएफ को हत्याकांड के खुलासे के लिए लगाया गया है। डिप्टी एसपी डीके शाही को टीम के साथ घटनास्थल रवाना किया गया है। डीके शाही ने ही सुल्तानपुर डकैती के आरोपी मंगेश यादव का एनकाउंटर किया था।

# नशे में धुत ट्रक चालक ने तीन को रौंदा, दो बच्चों सहित तीन की मौत

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के फासिल्स पार्क के सामने अवई गाँव की घटना अवई पोखरे के पास नशे में धुत ट्रक चालक ने घर के सामने खेल रहे दो मासूम बच्चों सहित एक युवक की जान ले ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर गुरुवार शाम चोपन की ओर जा रही ट्रक का चालक नशे में गाड़ी चला रहा था जो कि अनियंत्रित होकर गिरगुराम की बाउंड्रीवॉल को तोड़ते हुए पास में खड़े अंशु 27 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शंकर, अंश 6 वर्ष पुत्र बिंदू जायसवाल व जसविन 4 वर्ष पुत्री बिंदु को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। घटना मे तीनों की मौके पर मौत हो गई। जब की घटना में बिंदु जायसवाल घायल हो गए जिन्हें आनन फानन में जिला चिकित्सालय लोढ़ी में भर्ती करवाया गया जिनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। सूचना पाकर गुरमा व चोपन पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर



अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। वहीं मृतक के परिजन अजय कुमार जायसवाल ने बताया की घर के बाहर बच्चे खेल रहे थे तभी अचानक से एक ट्रक बच्चों को कुचलता हुआ घर मे घुस गया। मौके पर तीन की मौत हुयी है।

सुरेन्द्र जायसवाल ने बताया की घर के बाहर बच्चे खेल रहे थे अचानक से ट्रक आ कर कुचल दिया। वही इस घटना के बाद मौके पर पहुंची सीओ चारु द्विवेदी ने बताया की घर के बाहर बच्चे खेल रहे थे तभी नशे मे धुत ट्रक चालक ने बच्चों को रौंदते हुये घर मे घुस गया इस घटना मे तीन की मौके पर मौत हो गई है एक घायल है जिसे जिला अस्पताल मे भर्ती करा दिया गया है।

## कानपुर में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव: वाराणसी से दिल्ली जा रही थी ट्रेन

**कानपुर।** कानपुर में गुरुवार शाम को वंदे भारत एक्सप्रेस पर अराजकतत्वों ने पथराव कर दिया। पनकी स्टेशन से गुजर रही ट्रेन पर पथराव के बाद हड़कंप मच गया। वाराणसी से दिल्ली जा रही 22435 वंदेभारत एक्सप्रेस के एसी चेयरकार कोच में पनकी स्टेशन के पास पथराव किया गया। पथराव के दौरान कोच का एक शीशा टूट गया। पत्थरबाजी से कोच के यात्रियों में हड़कंप मच गया। कंट्रोल की सूचना पर आरपीएफ पनकी में अज्ञात पत्थरबाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जीआरपी, आरपीएफ की संयुक्त टीमों ने पनकी से भाऊपुर तक पेट्रोलिंग के साथ गश्त की। कानपुर के आउटर पर हुआ पथराव गुरुवार को ट्रेन शाम 7.05 बजे जैसे ही पनकी स्टेशन के आउटर सिग्नल से प्रवेश कर रही थी, वैसे ही सी-7 कोच पर पत्थरबाजी शुरू हुई। एक पत्थर सी-7 कोच के शीशे में लगा तो शीशा टूट गया।

## संक्षिप्त समाचार

### परिवर्तन की प्रतिबद्धता के साथ राजनीति में उतरा 'जन सुराज'

**उजाला संचार, पटनाः** जन-समूह के सामने प्रशांत किशोर ने बिहार के लोगों के स्वाभिमान को जगाते हुए व्यवस्था परिवर्तन का संकल्प लिया। गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को उन्होंने जन सुराज को एक राजनीतिक दल के रूप में लॉन्च करने की घोषणा की। भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी रह चुके मनोज भारती को पार्टी की कमान सौंपी गई। मनोज भारती, जो मूल रूप से मधुबनी के रहने वाले हैं, पिछले दो वर्षों से जन सुराज के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें सर्वसम्मति से पार्टी का पहला अध्यक्ष चुना गया, और मार्च तक कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। इसके बाद संगठनात्मक चुनाव होंगे और नेतृत्व समिति की घोषणा भी जल्द की जाएगी। प्रशांत किशोर ने सभा में लोगों से बिहार की स्थानीयता को पहचानने का आह्वान किया और उनके स्वाभिमान को जगाने का प्रयास किया। उन्होंने बिहारियों के अपमान और उनके राज्य में जीने की कठिनाइयों के लिए अब तक की राजनीतिक व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया। इस व्यवस्था में सुधार का संकल्प लेते हुए पीके ने कहा कि 2025 के चुनाव परिणामों की झलक रामगढ़, तरारी, बेलागंज और इमामगंज में होने वाले उपचुनावों में ही मिल जाएगी। सभा के दौरान पीके ने स्थानीयता और भावनाओं को जोड़ते हुए लोगों में बदलाव की लहर उत्पन्न की। उन्होंने दावा किया कि बिहार के लोग जिस जलालत की जिंदगी जी रहे हैं, उसके लिए मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था ही जिम्मेदार है। जन सुराज का उद्देश्य इस व्यवस्था को बदलकर एक नई दिशा देना है।

### पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन को ईडी का समन

#### हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष रहते हुए 20 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप



**नई दिल्ली।** 20 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पूर्व लोकसभा सदस्य और क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन को तलब किया है। अजहर पर एचसीए के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार का आरोप है। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन में अनियमितताओं की जांच कर रही ईडी ने अजहरुद्दीन को आज ही पूछताछ के लिए बुलाया है। एऊने उप्पल पुलिस स्टेशन में पहले से दर्ज मामले के आधार पर मामला दर्ज किया।

### जितना लोगो ने जल नही पिया उतना जल निगम के अधिकारियों ने धन पिया!

#### जल निगम के रिटायर्ड इंजीनियरों के घर छापे में मिली अकूत संपत्ति



**उजाला संचार, लखनऊ।** दिल्ली के बैंक लॉकरों का विवरण किया जा रहा तैयार घरों में मिले करोड़ों के जेवर और गाड़ियों की कीमतों का हो रहा मूल्यांकन विजिलेंस टीम ने जल निगम के रिटायर 5 इंजीनियरों के घर की थी छापेमारी।

### मंदिर की दान पेटिका को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद जिसमें चली गोली एक की मौत कई अन्य हुएं घायल मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद

**मिर्जापुर,** जनपद मीरजापुर के थाना कोतवाली देहात अंतर्गत गुरुसंडी क्षेत्र के ग्राम सिंहरकला दुबे पुर में आज दिनांक 1 अक्टूबर 2024 को सुबह लगभग करीब 8:00 बजे के लगभग मंदिर की दान पेटिका को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति श्रवण पांडे पुत्र कृपा पांडे को गांव में ही बने विंध्य श्याम निजी आई टी आई के सामने गोली मार दी जिससे श्रवण पांडे की मृत्यु हो गई वहीं अन्य तीन-चार व्यक्तियों को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसकी सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनंदन पर्याप्त पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी प्राप्त कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पिड़ीत परिवार को आश्वासन दिया गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर राम बहादुर के अलावा अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## 56 साल बाद घर पहुंचा शहीद का शव,1968 में विमान हादसे में मलखान सिंह की हुई थी मौत

उजाला संचार



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के रहने वाले भारतीय वायु सेना के जवान शहीद मलखान सिंह का पार्थिव शरीर बुधवार को उनके घर पहुंचा। मलखान सिंह की शहादत की कहानी बड़ी अनोखी है। 1968 में 102 यात्रियों का एक विमान दुर्घटना का शिकार हो गया था। 102 यात्रियों में मलखान सिंह भी थे।बुधवार को 56 साल बाद मलखान सिंह का शव सहारनपुर के सरसावा में विशेष विमान से पहुंचा।

सरसावा एयरपोर्ट पर वायुसेना के जवानों ने मलखान सिंह को अंतिम सलामी दी।इसके बाद सेना के ट्रक में एक बड़े काफिले के साथ मलखान सिंह के शव को रवाना किया गया।इस दौरान रास्ते में कई जगहों पर लोगों ने मलखान सिंह के शव पर फूल बरसाए और मलखान सिंह के साथ-साथ भारत माता की जयकार के नारे लगाए।

मलखान सिंह का अंतिम दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आए।गांव के बुजुर्ग,नौजवान और उनके साथी रहे लोग बड़ी बेसब्री से उनके पार्थिव शव का अंतिम दर्शन करने के लिए इंतजार करते हुए दिखे। जिन बुजुर्गों ने मलखान सिंह को अपने बचपन में देखा था वो भी आज उनके अंतिम दर्शन के लिए घर और गांव की गलियों में खड़े थे।पूरे गांव में जगह-जगह तिरंगा लगाकर शहीद मलखान सिंह को अंतिम सफर के लिए रवाना किया गया।

बताते चलें कि 7 फरवरी 1968 में भारतीय वायुसेना का विमान अठ-12 विमान ने चंडीगढ़ से लेह के लिए उड़ा था। मगर कुछ देर बाद ही विमान लापता हो गया था। 56 साल पहले 1968 में ये विमान रोहतांग पास में हादसे का शिकार हुआ था।विमान में 102 लोग सवार थे।रोहतांग पास में खराब मौसम का सामना करने के बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और दशकों तक पीड़ितों के शव और अवशेष बर्फीले इलाके में पड़े रहे।हादसे में कोई नहीं बचा था, फिर भी भारतीय सेना ने देश के सबसे लंबे समय तक चलने वाले रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया और साल 2003 में विमान का मलबा ढूंढ़ लिया।डोगरा स्काउट्स के नेतृत्व में भारतीय सेना का खोज और बचाव अभियान जारी रहा।इसी बीच भारतीय सेना को बड़ी सफलता मिली। सेना ने हिमाचल प्रदेश में दुर्घटनास्थल से चार शव बरामद किए,जिनमें से एक शव वायु सेना के जवान मलखान सिंह का था।अब 56 साल बाद मलखान सिंह का शव उनके घर वापस लौटा है।मगर मलखान सिंह की राह तकने वाले माता-पिता की आखें तो बेटे के दीदार के पहले ही बंद हो गई हैं। मलखान सिंह शादीशुदा थे और उनके एक बेटा रामप्रसाद था,जिसकी मौत हो चुकी है। मलखान सिंह के पोते गौतम और मनीष मजदूरी करते हैं। सोमवार को जब यह खबर सेना के सूत्रों से मलखान सिंह के परिवार के लोगों और ग्रामीणों को मिली तो पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया।इस बात का संतोष भी हुआ की जिस मलखान सिंह के शव को ढूंढने में 56 साल लग गए आखिरकार उनके शव को ढूंढ लिया गया है और अब उनका सही ढंग से अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## किसान का बेटा नीट परीक्षा को किया क्वालिफाइड

उजाला संचार

**मिर्जापुर।** छानबे क्षेत्र गांव लेहडीया निवासी राम उजागिर मौर्य का बेटा रोहित मौर्य ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र व माता पिता का नाम रोशन किया है। छात्र ने नीट परीक्षा में 720 अंक मे 648 अंक प्राप्त 28293 आल इंडिया रैंक प्राप्त किया है। छात्र का चयन राजकीय मेडिकल कालेज चंदौली में एमबीबीएस के लिए हुआ है। छात्र की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा नर्सरी यूकेजी से कक्षा तीन तक आइडियल पब्लिक स्कूल विजयपुर से हुई इसके बाद कक्षा चार से सात तक अंबिका देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंवारी कला व कक्षा आठ से हाईस्कूल तक एसएन पब्लिक स्कूल मीरजापुर कक्षा ग्याहर व इंटरमीडिएट की पढाई एमटीएस पब्लिक स्कूल से परीक्षा उत्तीर्ण कर नीट की तैयारी के लिए वर्ष 2023 मे कोटा राजस्थान से कर रहा था कि द्वितीय प्रयास में नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर माता पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र



को राजकीय मेडिकल कालेज में एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है। छात्र के पिता रामउजागिर मौर्य एलएलबी कर व्यवसाय सम्राट मिष्ठान की दुकान चला रहे है माता पुष्पा देवी गृहणी का कार्य कर रही है छात्र दो भाई एक बहन में बडा है। बेटे का चयन एमबीबीएस में होने पर खुशी का माहौल है परिवार के लोग एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी मना रहे है।

## राजन जी महाराज की नौ-दिवसीय श्री राम कथा हेतु तैयारी अंतिम चरण में

### प्रसाद वितरण ,साफ- सफाई ,जल वितरण, वाहन पार्किंग, पूछताछ, पदवेस काउंटर, मीडिया की भूमिका आदि के कार्य निर्धारण किए गए

उजाला संचार

**ओबरा सोनभद्र।** बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पूज्य राजन जी महाराज की नौ-दिवसीय श्री राम कथा हेतु तैयारी अपने अंतिम चरण में हैं, सभी राम भक्त कार्यकर्ता इस निमित्त सुचारू कार्य सम्पादन हेतु समिति की लगातार बैठक कर रहे हैं। इसी क्रम में कथा स्थल पर समिति कार्यकताओं की बैठक की गई जिसमें सभी के कार्य निर्धारण किए गए, जिसमें प्रसाद वितरण ,साफ- सफाई ,जल वितरण, वाहन पार्किंग, पूछताछ , पदवेस काउंटर, मीडिया की भूमिका आदि के कार्य निर्धारण किए गए। कथा स्थल पर स्वयं सेवा देने हेतु बड़ी संख्या में नवयुवकों ने अपने नामों का प्रस्ताव दिया। सभी ने पुनीत श्रीराम कथा में समय और सेवा समर्पण हेतु प्रसन्नता के साथ लगने का संकल्प लिया। समिति की बैठक में मातृशक्तियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी भी बराबर से रही , जिसमें स्वागत से लेकर विभिन्न व्यवस्था में उनके भी कार्य और जिम्मेदारियां तय की गईं। नौ दिवसीय कथा कार्य में किसी भी संशय और अव्यवस्था से बचने के लिए अगले दिन सभी को पहचान पत्र जारी किए जायेंगे। ऐसा बैठक में सुनिश्चित किया गया। सभी ने पूर्ण मनोयोग से मंगलकार्य में प्रसन्नतापूर्वक सहयोग देने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता राजीव वैश्य ने की तथा समिति के अध्यक्ष दीनदयाल केशरी ,संयोजक देवेंद्र केशरी ,पुष्पराज पांडेय, धुरंधर शर्मा, जगमंदर अग्रवाल, शशिकांत श्रीवास्तव, विनोद केशरी , कृष्णा केशरी, कपूर चंद पांडेय, विनीत पांडेय ,विवेक कुमार मालवीय, सुनील सिंह, मनोज सिंह, विकास सिंह , संजीव मालवीय कमलेश दूबे , संदीप तिवारी,आदित्य जायसवाल , अजय तिवारी, अशोक सिंह, अनुज त्रिपाठी, अरविन्द सोनी, समीर माली, अभिषेक सेठ ,रेखा साहू, संजू श्रीवास्तव ,उषा शर्मा आदि सभी रामभक्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दूसरे दिन ठेमा नदी में उतराया मिला 8 वर्षीय मासूम का शव,परिजनों में मचा कोहराम

### नदी में ज्यादा व मिट्टी युक्त पानी होने के वजह ढूंढने में आ रही थी दिक्कत

उजाला संचार

**दुद्धी सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के ठेमा नदी पानी टंकी के समीप सोमवार की दोपहर में एक 8 वर्षीय बालक पानी में डूब गया ।जिसका शव दूसरे दिन मंगलवार को नदी में उतराया हुआ देखा गया ।बालक के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार करीब 8 वर्षीय असद पुत्र सूराद अहमद निवासी खजुरी सोमवार को दोपहर बाद करीब 3 बजे अपने पिता के साथ ठेमा नदी में मछली पकड़ने आया हुआ था ,इसी दौरान बालक अचानक गहरे पानी में चला गया । पिता की नजर बच्चे तक पहुंचती तब तक बालक नदी में डूब चुका था ।पिता व अन्य लोगों ने काफी खोजबीन की लेकिन बालक का कहीं पता नहीं चला ।जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस व अन्य परिजनों को दी ।इस दौरान घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ लगी रही ।वहीं सूचना पर घटनास्थल पहुंची कोतवाली पुलिस व परिजन सहित अन्य लोग नदी में डूबे बालक की खोजबीन में लगे रहे। सोमवार के दोपहर से गोताखोरो द्वारा शुरू हुआ खोजबीन का सिलसिला देर रात्रि तक चला । नदी में ज्यादा व मिट्टी युक्त पानी होने के वजह से नदी में डूबे बालक का कहीं पता चल न सका, असफलता हाथ लगी ।तत्पश्चात दूसरे दिन मंगलवार की सुबह बालक का शव पानी में उतराया हुआ मिला ,जिसे देख बाहर निकाला गया ।शव देख परिजन रोने बिलखने लगे। बालक के शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया ।वहीं परिजनों द्वारा पुलिस के समक्ष शव का पीएम न करने की बात कही व काफी अनुमय विनय के बाद पुलिस बिना पोटमार्टम किए ही बालक के शव को पंचनामे के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया ।उधर घटना के बाबत जानकारी में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को डूबे बालक का शव दूसरे दिन मंगलवार को नदी में उतराया हुआ मिला ।परिजन शव का पीएम न करने की बात कहीं जिसके बाद बालक के शव को पंचनामे के बाद बिना पोस्टमार्टम किए ही परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

## भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ का सम्मेलन हुआ संपन्न

उजाला संचार



**मिर्जापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में सहकारिता प्रकोष्ठ सम्मेलन मझवां विधानसभा में सीटी उत्तरी मंडल के कावेरी ग्रीन लॉन देवरी में सम्पन्न हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि / मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जे0पी0एस0 राठौर रहे । भाजपा जिलाध्यक्ष ने आये हुए मुख्य अतिथि तथा सभी मंचासीन जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों तथा जिले भर से आये सभी सहकारिता संघ के सभापति, उपसभापति एवं संचालकों का स्वागत अभिनन्दन किया । इसी क्रम में मुख्य अतिथि मा0 मंत्री जी ने बताया कि ह्यह्नसहकारिताह्नह्न आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम है, यह विकेन्द्रित अर्थव्यवस्था का ह्यसच्चा स्वरूप भी है, भारत के नवोत्थान का मार्ग अनुभव कर, बिना संस्कार नहीं सहकार, बिना सहकार नहीं उद्धार के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए, उसे जन-जन तक पहुँचाने का उद्देश्य लेकर, सहकारी क्षेत्र के मित्र, तत्वचिंतक एवं मार्गदर्शक की भूमिका में सम्पर्क, सेवा और समर्पण रूपी तीन सूत्रों को ध्यान में रखकर सहकारी समितियों का कार्य आरम्भ हुआ । के साथ ह्न साथ सहकारिता पर अनेकानेक बातों को बताया । तत्पश्चात मा0 मुख्य अतिथि जी मीरजापुर बरियाघाट स्थित सिटी लॉन के सभागार में सेवा पखवाड़ा के तहत विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा0 मोदी जी के जीवन पर आधारित आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक ह्नपॉवर विदिनः द लीडरशिप लेगेसी ऑफ नरेन्द्र मोदीह्न पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए । जिसमें मा0 प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित पुस्तक पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदर्शी नेतृत्व उनके भारत की आत्मनिर्भरता की क्षमता में गहरे विश्वास को दशार्ता है, जो आत्मनिर्भर भारत जैसे पहलों का केन्द्रीय हिस्सा है । प्रधानमंत्री मोदी कई घंटों तक विकास योजनाओं का गहन अध्ययन करते हैं और यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक नीति के भविष्य के द्दष्टिकोण के अनुरूप हो और भारत को मजबूत करने वाले उनके दीर्घकालिन द्दष्टिकोण के साथ मेल खाती हो । बीते 10 वर्षों के कार्यकाल के उल्लेखनीय क्षणों में से एक 2016 की विमुद्रीकरण ( ऊेह्नल्लीङ९३ह्नल्ल ) की रात का वर्णन है । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शाम को अपनी कोर टीम को बुलाया और महीनों के योजना के बाद ऐसा निर्णय लिया जिसने लाखों लोगों को प्रभावित किया । यह निर्णय हालांकि विवादास्पद था, बड़े उद्देश्यों जैसे काले धन और भ्रष्टाचार से निपटने के लिए जोखिम लेने की उनकी तत्परता को दशार्ता है । पुस्तक में एक महत्वपूर्ण क्षण 2019 के आम चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी का विजय भाषण है, जिसमें उन्होंने कहा, ह्नयह जनादेश एक नए भारत के लिए है । यह लोगों में अपने सामर्थ्य में विश्वास की जीत है ।ह्न प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व घरेलू मामलों से परे जाता है, उन्होंने भारत की वैश्विक स्थिति को बदल दिया है । अमेरिका से लेकर रूस, जापान और मध्य पूर्व तक विश्व नेताओं के साथ उनकी व्यक्तिगत कूटनीति और संबंधों ने भारत की रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत किया है के साथ ह्न साथ जनसम्पर्क और राजनीतिक ब्रांडिंग, समावेशी विकास और कल्याणकारी योजनाएं, व्यक्तिगत अखण्डता और अनुशासन पर भी विस्तार से चर्चा किया।

## जिलाधिकारी ने संचारी अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

उजाला संचार

**मीरजापुर।** शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य 11 विभागों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत जागरूकता अभियान का शुभारम्भ, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा फीता काटकर एवं हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। नगरपालिका परिषद मीरजापुर एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वेक्टर जनित बीमारियों के वाहक को नियंत्रण में प्रयोग की जानी वाली फागिंग मशीन/एण्टीलार्वल मशीन का प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ डेंगू, मलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु पम्पलेट का वितरण किया गया। रैली के आरम्भ से पहले मुख्य चिकितसा अधिकारी कार्यालय में संक्षेप में चर्चा की गयी एवं आम जनमानस के सहयोग से ही वेक्टरजनित रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है की अपेक्षा की गयी। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गयी। इसी क्रम में डा0 लालजी गौतम, (नोडल वेक्टरबार्न डिजीज) ने अधिकारियों एवं कर्मचारियो से अभियान



को सफल बनाने हेतु सम्बोधित किया। जिला मलेरिया अधिकारी श्री संजय कुमार द्विवेदी समस्त वी0बी0डी0 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। स्वास्थ्य कर्मियों की रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, मीरजापुर से आरम्भ होकर कचहरी मीरजापुर होते हुए मण्डलीय चिकित्सालय मीरजापुर में समाप्त की गयी। समापन के साथ रैली में प्रतिभागियों को अल्पाहार का वितरण किया गया।

## तालाबों व गंगा नदी के समीप साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त

उजाला संचार

**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित दशमीवां पोखरा समेत विकासखंड क्षेत्र के जलाशय एवं गंगा नदी के समीप बुधवार को पितृ विसर्जन किया जाएगा। जिसको लेकर तालाबों व गंगा नदी के समीप साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। वही पितृ विसर्जन के दिन भारी संख्या में लोग अपने पितरों को श्राद्ध देने के लिए जुटते हैं। साफ सफाई की व्यवस्था ना होने पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त किया। पितृ विसर्जन के दिन प्रातः काल से ही पूर्वजों को श्राद्ध देने के लिए भारी भीड़ उमड़ती है। जहां लोग स्नान करके अपने पितरों को विधि विधान पूर्वक से श्राद्ध देते हैं। पितरों के मन मुताबिक श्राद्ध में चढ़ावा भी कर पिंडदान करते हैं। श्राद्ध कर्म में पूरी श्रद्धा से ब्राह्मणों को तो दान दिया ही जाता है साथ ही यदि किसी गरीब, जरूरतमंद की सहायता भी आप कर सकें तो बहुत पुण्य मिलता है।



इसके साथ-साथ पितृ पक्ष के दिनों में गाय, कुत्ते, कौवे आदि पशु-पक्षियों के लिए भी लोग भोजन का एक अंश जरूर निकालते है ।वही विद्वान पंडित आशीष उपाध्याय ने बताया कि इस तिथि को समस्त पितरों का विसर्जन होता है। जिन पितरों की पुण्यतिथि अपने परिजनों को ज्ञात नहीं होता है या किसी कारणवश जिनका श्राद्ध तर्पण पृथ्वी पक्ष के 15 दिनों में नहीं हो पाता है वह उनका श्राद्ध तर्पण दान इसी पितृ विसर्जन के दिन करते हैं। तर्पण करने से समस्त ब्रह्मांड का भी कल्याण होता है। बिना कुश पहने केवल हाथ से तर्पण नहीं करना चाहिए। कहा कि पूजा के पश्चात जल से तर्पण करें। इसके बाद जो भोग लगाया जा रहा है उसमें से गाय, कुत्ते, कौवे आदि का हिस्सा अलग कर देना चाहिए।

इन्हें भोजन डालते समय अपने पितरों का स्मरण करना चाहिए और मन ही मन उनसे श्राद्ध ग्रहण करने का निवेदन करना चाहिए।

## अमर बलिदानी वीरंगना हैहयवंशी मानवती बाई का "स्मृति दिवस" का कार्यक्रम सकुशल संपन्न

उजाला संचार

**मिर्जापुर।** कसेरा समाज नवयुवक समिति, द्वारा झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई की महिला सेना की वीरंगना हैहयवंशी मानवती जी उनके पति- खुमान सिंह हैहयवंशी एवम्- पुत्र वीर सिंह हैहयवंशी की अमर बलिदानी दिवस पर 30 सितंबर को स्मृति दिवस के रुप में कसेरा अतिथि भवन, झवांगड़ में सायं ७:३० से बजे मनाया गया, आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला समिति की अध्यक्षा- श्रीमती माधुरी प्रकाश कसेरा द्वारा सर्वप्रथम वीरंगना के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, इसके पश्चात उपस्थित जनों द्वारा भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष- हैहयवंशी अतिन कसेरा ने बुंदेलखंड की माटी झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की महिला सेना की प्रमुख अमर बलिदानी परिवार की पराक्रम व शौर्य गाथा को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में हैहयवंशीय कसेरा समाज ट्रस्ट (पंजी.) के प्रबंधक- श्री हरीशंकर कसेरा, पूर्व प्रबंधक- श्री ओमप्रकाश कसेरा के अलावा समिति से अध्यक्ष- श्री कृष्ण कुमार कसेरा, महामंत्री- कुमार सत्यम, उप मंत्री व कार्यक्रम प्रभारी-



नितेश कसेरा, कोषाध्यक्ष- जितेंद्र कुमार कसेरा, उप मंत्री- कृष्ण कुमार, संगठन मंत्री- रविंद्र कसेरा, संयुक्त मंत्री- आलोक कसेरा, मीडिया प्रभारी- निखिल कसेरा तथा महिला समिति की उपाध्यक्ष- श्रीमती बीना देवी कसेरा, श्रीमती सीता देवी, महामंत्री- विनीता सिंह कसेरा, संगठन मंत्री- अनुमेहा सिंह कसेरा कसेरा, सांस्कृतिक मंत्री- शिखा कसेरा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का अनूठा प्रयास

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मरीजों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण, दी गई दवाएं

उजाला संचार

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज स्थित रामलीला मैदान में मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र एवं पॉपुलर हॉस्पिटल वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर इलाज किया और परीक्षण करने के बाद जरूरी दवाइयां भी लिखीं एवं कुछ आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रहे अजय शेखर जी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के जीवन में स्वास्थ्य सबसे प्रमुख और मूल्यवान



पहलू है। स्वस्थ व्यक्ति ही समाज में सक्रिय और सकारात्मक योगदान दे सकता है। संगठन के अध्यक्ष कौशल कुमार शर्मा ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना था जो नियमित रूप से चिकित्सा सेवाओं का लाभ नहीं उठा पा रहें है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कई महत्वपूर्ण खूबियां होती हैं जो उन्हें समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाती है। डॉक्टर हमारे समाज की रीढ़ है जो निस्वार्थ भाव से समाज को स्वस्थ रखने के लिए दिन-रात सेवा करता है। उन्होंने कहा कि सोनभद्र जिला लंबे समय से फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या से जूझ रहा है जनपद के कई क्षेत्रों में भूजल में फ्लोराइड का स्तर मानक से अधिक पाया गया है जिसकी वजह से यहां के लोगों को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। जिले में पैदा होने वाले नवजात शिशु में इसका मुख्य रूप से असर देखने को मिल रहा है पानी में क्लोराइड की मात्रा अधिक होने से पैदा होने वाले बच्चों के अंग टेढ़े-मेढ़े होते हैं जो आगे चलकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का रूप ले लेते हैं।

# कमिश्नरेट गोमती जोन में दस उपनिरीक्षक इधर से उधर

उजाला संचार

**वाराणसी।** कानून व्यवस्था बनाए रखने और रिक्तियों को भरने के लिए गोमती जोन के 10 सब इंस्पेक्टर का तबादला कर दिया गया है। डीसीपी प्रमोद कुमार ने सभी को तत्काल नए तैनाती स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। जोन में तैनात एसआई विपिन पांडेय को चौकी प्रभारी राजातालाब बनाया गया है। इसी प्रकार चौकी प्रभारी राजातालाब रहे अविनाश कुमार सिंह को थाना बड़ागांव भेजा गया है। एसआई संदीप कुमार पांडेय का तबादला बड़ागांव थाना से चौकी प्रभारी सिंधौरा, चौकी प्रभारी सिंधौरा अभिषेक कुमार राय को जनसंपर्क अधिकारी पुलिस उपायुक्त गोमती जोन बनाया गया है। डीसीपी के पीआरओ दिनेश कुमार त्रिपाठी का तबादला कालिका धाम चौकी प्रभारी के पद पर किया गया है।चौकी प्रभारी खजुरी पवन कुमार यादव को थाना राजातालाब, राजातालाब थाना में तैनात कौशल कुमार सिंह को गोमती जोन मुख्यालय, राजातालाब थाना में तैनात साकेत पटेल का गोमती जोन मुख्यालय और विनय कुमार प्रजापति को थाना कपसेटी से तबादला कर प्रभारी एसओजी गोमती जोन बनाया गया है। सभी स्थानांतरण रिक्त, प्रशासनिक, अनुकंपा और जनहित के कारणों से किए गए हैं।

# कुसम्ही एवं सरदार नगर स्टेशन को ऑटोमोबाइल व अन्य वस्तुओं के लोडिंग एवं अनलोडिंग हेतु माल साइडिंग किया गया विकसित

उजाला संचार

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में वाराणसी मंडल के कुसम्ही एवं सरदार नगर स्टेशन को ऑटोमोबाइल व अन्य वस्तुओं के लोडिंग एवं अनलोडिंग हेतु माल साइडिंग को विकसित किया गया है। वाराणसी मंडल , मुख्यालय तथा रेलवे बोर्ड स्तर पर लोडिंग अनलोडिंग के विभिन्न आयामों पर त्वरित निर्णय हेतु बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट का गठित है, जिसके समेकित प्रयासों के फलस्वरूप एक ऑटोमोबाइल रेक की बुकिंग दिनांक





28.09.24 को औरंगाबाद से कुसम्ही के लिए किया गया । उक्त ऑटोमोबाइल रेक की अनलोडिंग वाराणसी मंडल में पहली बार हुई है। इस रेक की बुकिंग से पूर्वोत्तर रेलवे को 18.57 लाख के रेल राजस्व की प्राप्ति हुई ।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान ने बताया है कि ऑटोमोबाइल का यह रेक आज दिनांक 02.10.24 को कुसम्ही साइडिंग में प्लेस हुआ जो निर्धारित समय से पहले खाली होने के कारण व्यापारियों के लिए बहुत सुविधाजनक साबित हुआ ।

इससे रेलवे के प्रति व्यापारियों का एक संतोषजनक विश्वास बढ़ा है । इसके साथ ही यहां उपलब्ध व्यापारिक सुविधाओं तथा रेलवे कर्मचारियों के सहयोग की व्यापारियों द्वारा सराहना मिली है जिससे भविष्य में व्यापारियों द्वारा अधिकाधिक ऑटोमोबाइल रेक की बुकिंग कराए जाने की संभावना बढ़ गई है, जिससे रेल राजस्व में वृद्धि हो सकेगी।

वाराणसी मंडल पर गठित बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के प्रयासों से मंडल पर नये माल यातायात को लाने में सफलता मिली है।

माल यातायात में वृद्धि हेतु बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बी.डी.यू.) टीमों द्वारा व्यवसायियों एवं औद्योगिक संस्थानों से सम्पर्क किया गया तथा उनकी आवश्यकतानुसार मालगोदामों में सुधार एवं विस्तार किया गया है।

# जनपद की 46 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त

## जिले को टीबी मुक्त बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत-एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा

### सामाजिक रूढ़ियां टीवी मुक्ति में बाधाएं -जिला पंचायत अध्यक्ष

उजाला संचार






**वाराणसी।** जनपद के 46 ग्राम पंचायतें टीवी मुक्त घोषित की गई , जिनके ग्राम प्रधानों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को आयुक्त सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या एवं विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने सभी ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि जिले को टीवी मुक्त बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है ।लोगों को इस रोग के विषय में जानकारी देनी होगी तथा इसके जानलेवा स्वरूप के बारे में भी लोगों को बताना होगा। सभी को इस बात के लिए प्रेरित करना होगा कि अपने से आगे बढ़कर अपनी जांच करावे तथा समय अनुसार दावों का सेवन कर रोग मुक्त होवे।

जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने कहा कि देश व प्रदेश को टीवी मुक्त बनाने में समाज में फैली सामाजिक रूढ़ियों को भी दूर करना होगा। इस रोग को छुपाए नहीं बताएं , जिससे समय पर उपचार किया जा सके। इस कार्य में हमारे ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों की प्रमुख भूमिका है। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मिलाकर ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि गांव के लोगों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर प्रेरित कर लें जाये जहां पर उनकी जांच कराई जा सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि आराजी लाइन ब्लॉक के सात, बड़ागांव के पांच, चिराईगांव के पांच, चोलापुर के दो, हरहुआ के दश, काशीविद्यापीठ के चार, पिंडरा के आठ ,और सेवपुरी के पांच गांव टीबी मुक्त घोषित किए गए हैं। जिले को टीवी मुक्त बनाने के लिए अनेक प्रयास किया जा रहे हैं जिसके तहत माह की 15 तारीख को ह्यएकीकृत निक्षय दिवसह्न मनाया जाता है एवं समय-समय पर अभियान चलाकर क्षय रोगियों की खोज की जाती है । इसका उद्देश्य टीबी रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही अधिक से अधिक टीबी मरीजों को चिन्हित कर उनका उपचार करना, प्राइवेट नोटिफिकेशन में तेजी लाना, पोषण सामग्री व आर्थिक सहयोग से उन्हें जल्द से जल्द स्वस्थ करना तथा जिले को टीवी मुक्त बनाना है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ पीयूष राय ने टीवी मुक्त पंचायत घोषित किए जाने के मानकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों को चिकित्सकों द्वारा दिए गए परामर्श के अनुसार दावों का सेवन करना चाहिए दवाओं के सेवन में यदि किसी प्रकार की समस्या होती है तो उसे तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य कर्मी को इसकी जानकारी दें जिसे की समय पर निदान किया जा सके।

इस अवसर पर सभी टीवी मुक्त पंचायत के ग्राम प्रधान टीबी सुपरवाइजर,टीबीएचचवी, एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# बैंक कैशियर के घर चोरी, सीसीटीवी फुटेज देखने पर सच्चाई सामने आई

## आधे घण्टे में लाखों के कीमती गहने और कैश ले गए

उजाला संचार

**वाराणसी।** हौसला बुलंद चोरों ने दिनदहाड़े भारतीय स्टेट बैंक के कैशियर अंजनी कुमार सिंह के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने और नगद पार कर लिए। यह घटना न्यू अशोक विहार कॉलोनी में 30 सितंबर की है, जब कैशियर और उनकी पत्नी दोनों बाहर गए थे।

अंजनी कुमार सिंह भारतीय स्टेट बैंक में कैशियर हैं। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 9:15 बजे वह बैंक चले गए थे। उनकी पत्नी एक मिडिल स्कूल की अध्यापिका हैं। वह सुबह 9:30 बजे विद्यालय चली गई थीं। शाम 4:30 बजे जब उनकी पत्नी घर लौटीं, तो अंदर का नजारा देख सन्न रह गईं।तीन कमरों के दरवाजों और अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी से 7 लाख रुपये, सोने के तीन मंगलसूत्र, एक चेन, लाकेट, कान की बालियां और सोने की दो अंगूठियां चुरा लीं। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि चोर दोपहर 1:15 बजे घर में घुसे और 1:45 बजे घर से निकल गए। महज आधे घंटे में चोर 14 लाख रुपये के आभूषण और नकद चुराकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एसीपी, फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड और शिवपुर थाना प्रभारी पहुंचे। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र के लोग खौफ में हैं। पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। एक हफ्ते में दूसरी बड़ी चोरीगौरतलब है कि 25 सितंबर को भी न्यू अशोक विहार कॉलोनी के निवासी गणेश प्रसाद सिंह के घर से चोर 15 से 20 लाख रुपये के आभूषण और नकदी चुरा ले गए थे। वह जिउतिया पूजा के लिए अपने पैतृक निवास सिंधोरा गए हुए थे।

# साईं मूर्ति हटाने के विवाद में अजय शर्मा गिरफ्तार

## पूछताछ जारी, चितईपुर थाने पर समर्थकों का लगा जुटान

उजाला संचार

**वाराणसी।** काशी के मंदिरों से साई बाबा की मूर्ति मंदिरों से हटाने वाले सनातन रक्षक दल के अध्यक्ष अजय शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शांति भंग किए जाने को लेकर वाराणसी कमिश्नरेट काशी जोन के पुलिसकर्मियों ने अजय शर्मा को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई में जुट गए है। सनातन रक्षक दल के अध्यक्ष की गिरफ्तारी को लेकर काशी जोन के डीसीपी गौरव बंसवाल ने पुष्टि किया है। दरअसल सनातन रक्षक दल के अध्यक्ष और उनके समर्थकों ने रविवार को वाराणसी के बड़ा गणेश मंदिर सहित कई मंदिरों से साई बाबा की मूर्ति को हटा दिया। अजय शर्मा ने मूर्ति को मंदिर से हटाकर गंगा में प्रवाहित किया गया। मंदिर से साई बाबा की मूर्ति हटाए जाने का वीडियो और तस्वीर भी सोशल मीडिया पर सनातन रक्षक दल के अध्यक्ष के द्वारा प्रसारित किया गया। साई बाबा को चांद मियां बता सनातन रक्षक दल ने मंदिरों से मूर्ति हटाने का छेड़ा था अभियान सनातन रक्षक दल के अध्यक्ष अजय शर्मा ने दावा किया था, कि साई बाबा हिंदू नही बल्कि मुस्लिम चांद मियां थे। ऐसे में उनकी पूजा मंदिरों में करना अधर्म है। जिसे लेकर सनातन हिंदू रक्षक दल के समर्थकों के साथ मिलाकर अजय शर्मा काशी के मंदिरों से साई बाबा की मूर्ति को हटाने का अभियान छेड़ दिया। अजय शर्मा का दावा था, कि अब तक उन्होंने काशी के छोटे बड़े 14 मंदिरों से साई बाबा की मूर्ति को हटाया। हालाकि सोशल मीडिया पर उनके द्वारा 2 मंदिरों से साई बाबा की मूर्ति को हटाने का फोटो और वीडियो प्रसारित किया गया है। साई भक्तों ने जताई थी आपत्ति, कार्रवाई किए जाने की थी मांग काशी के मंदिरों से साई बाबा की मूर्ति को हटाए जाने को लेकर साई भक्तों ने आपत्ति जताई थी। वाराणसी में इसे लेकर साई मंदिरों के संस्थापकों द्वारा बैठक कर पुलिस से शिकायत करने और साई मंदिरों के लिए सुरक्षा की मांग किए जाने का निर्णय लिया गया था। वाराणसी के साई मंदिरों के साथ ही महाराष्ट्र के साई ट्रस्ट ने काशी के मंदिरों से साई बाबा की प्रतिमा हो हटाने पर आपत्ति जताई थी। इसके साथ ही साई भक्तों ने काशी में साई बाबा के मूर्ति हटाए जाने के पीछे किसी साजिश और माहौल खराब करने की आशंका व्यक्त किया था। मंदिरों से साई बाबा की प्रतिमा को हटाए जाने के मामले में विवाद बढ़ता देख वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट भी एक्शन में आ गई। बुधवार की भोर कोतवाली थाना क्षेत्र के मैदागिन से पुलिस ने सनातन रक्षक दल के अध्यक्ष अजय शर्मा को हिरासत में ले चितईपुर थाने ले गई।

चितईपुर थाने की पुलिस की ने शांति भंग के आरोप में अजय शर्मा को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है। हिंदूवादी संगठन ने मंदिर से मूर्ति हटाने का किया समर्थन काशी के मंदिरों से साई बाबा की मूर्ति को हटाए जाने को लेकर हिंदुत्ववादी संगठन और उससे जुड़े लोगो ने समर्थन किया है। वाराणसी से लेकर प्रदेश की राजधानी में हिंदू संगठनों ने मंदिरों से साई बाबा के मूर्ति को हटाने को सही कदम बताया। विश्व हिंदू सेना के अध्यक्ष अरुण पाठक ने अपने सोशल मोदी एक्स पर साई बाबा की मूर्ति मंदिरों से हटाने को लेकर लिखा कि ह्व हमारे सनातन धर्म में खुद तैतीस कोटि और अनंतों संत गई, फिर किसी साई बाबा का मंदिर काशी में क्यों है ? मंदिरों से मूर्तियों को हटाना सही है, क्योंकि काशी में भूत भावन भोलेनाथ की नगरी में किसी चांद मियां की आवश्कता क्या आवश्कता। अरुण पाठक के अलावा काशी सहित देश के कई संतों ने मंदिरों में साई बाबा की प्रतिमा को हटाए जाने का समर्थन किया है।

# वीडीए ने सील किया अवैध रेस्टोरेंट

उजाला संचार

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-3, वार्ड-दशास्वमेध के अंतर्गत सिगरा स्थित भवन संख्या D-58/19 A-4 में अवैध निर्माण और पार्किंग में अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट का सचिव डॉ वेद प्रकश मिश्रा द्वारा दिनांक-18/09/2024 को स्थल निरीक्षण किया गया था तथा भवन स्वामी को उक्त बेसमेंट में संचालित रेस्टोरेंट को बंद कर पार्किंग हेतु उपयोग में लाने के लिए आदेशित किया गया था परन्तु वर्तमान में पार्किंग में अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट पाए जाने पर उक्त स्थल को खाली कराकर जोनल अधिकारी द्वारा सील की कार्यवाही की गयी।




मौके पर जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश एवं प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# स्वच्छता पखवाड़ा सांस्कृतिक संध्या एवं सम्मान समारोह के साथ हुआ समापन

## सभी स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर सम्मान समारोह में रहे उपस्थित

उजाला संचार



**वाराणसी।** नगर निगम द्वारा दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा का आज देर शाम शहीद उद्यान में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह के साथ समापन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे बीएचयू के संगीत विभाग के वरिष्ठ कलाकारों ने प्रस्तुति दी गई जिसमे डॉ शानिस ज्ञावली(बांसुरी), डॉ आनंद मिश्रा (सितार), डॉ संदीप राव केवले(तबला) श्री विशाल मिश्रा₹ सागर₹ (गायन) थे। श्री सागर मिश्र ने रघुपति राघव राजा राम, भींगी चुन्दरिया, एवं सूफी गायन प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में डांडिया नृत्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन किया गया। सम्मान समारोह में ब्रांड एंबेसडर श्री अनिल कुमार सिंह, श्री राजेश शुक्ला, श्रीमती सुनिता सोनी, श्रीमती नीलू मिश्रा, श्री दीपक अस्थाना, श्री रवि सिंह, श्री रामचांद प्रजापति, श्री शाकिब भारत, श्री संतोष कुमार पाठक श्री राजेश कुशवाहा, सुश्री सलमा को अपर नगर आयुक्त श्री दुष्यंत कुमार मौर्य ने प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई खाद्य निरीक्षकों को सम्मानित किया गया। अंत में समारोह में उपस्थित सभी लोगों को ब्रांड एम्बेसडर श्री अनिल सिंह के द्वारा स्वच्छता का शपथ दिलाया गया।

# बरेका में स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर स्वच्छता मेगा श्रमदान का भव्य आयोजन

## महाप्रबंधक श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव ने श्रमदान में की सहभागिता

उजाला संचार

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस के तहत मेगा श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाप्रबंधक श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, साथ ही प्रशासन भवन में स्थापित लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई। इसके बाद सूर्य सरोवर पर आयोजित मेगा श्रमदान में महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता में अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा बल, नागरिक सुरक्षा संगठन, सेंट जॉन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड, भारत स्काउट गाइड, कब एंड बुलबुल और बरेका इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी और अधिकारी भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर सरोवर की सफाई की और इसे सुंदर रूप प्रदान किया।

महाप्रबंधक ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ₹स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और यह बापू के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमें स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए ताकि स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सके।₹

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री सुब्रतो नाथ, प्रधान वित्त सलाहकार श्री नीरज वर्मा, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री विनोद शुक्ला, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देवेश कुमार प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री जनार्दन सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा, मुख्य सामग्री प्रबंधक संजय कुमार मिश्रा, मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री एस. बी. पटेल, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, उत्पादन एवं विपणन श्री सुनील कुमार, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, सर्विस इंजीनियर नीरज जैन, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर, विद्युत श्री एम.के. गुप्ता, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर, डीजल, श्री आर.आर. प्रसाद, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर प्रोजेक्ट श्री अनुराग गुप्ता, मुख्य गुणवत्ता आश्वासन प्रबंधक श्री प्रवीण कुमार, मुख्य विद्युत इंजीनियर निरीक्षण, श्री अरुण कुमार शर्मा, मुख्य विद्युत सर्विस इंजीनियर भारद्वाज चौधरी, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, क्यू एम एस, श्री राम जन्म चौबे, उप महाप्रबंधक श्री अनुज कटियार, जन संपर्क अधिकारी श्री राजेश कुमार, कर्मचारी परिषद के संयुक्त सचिव श्री श्रीकांत यादव एवं अन्य कर्मचारी परिषद सदस्य के साथ ही सूर्य सरोवर संरक्षण क्लब के सदस्य उपस्थित रहें।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बरेका संस्थान में एक वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों और अधिकारियों को परिसर को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दी गई। इसके अलावा, कूड़ा-कचरा न फैलाने संबंधी सूचना-संदेश नोटिस बोर्ड पर लगाए गए ताकि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम संरक्षा विभाग के द्वारा आयोजित किया गया जिसका सुरुचि पूर्ण संचालन संरक्षा अधिकारी श्री अनूप सिंह वत्स ने किया। यह आयोजन बरेका में स्वच्छता के प्रति बढ़ते जागरूकता के संकेत के रूप में सफल साबित हुआ।

विचार/संवाद

वाराणसी, शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024

ujalasanchar376@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
उजाला संचार

वर्ष के चार नवरात्रों में चैत्र, आषाढ़, आश्विन और माघ की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक नौ दिन के होते हैं, परंतु प्रसिद्धि में चैत्र और आश्विन के नवरात्र ही मुख्य माने जाते हैं। नवरात्र में देवी माँ के व्रत रखे जाते हैं। स्थान-स्थान पर देवी माँ की मूर्तियाँ बनाकर उनकी विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि नवरात्र में महाशक्ति की पूजा कर श्रीराम ने अपनी खोई हुई शक्ति पाई, इसलिए इस समय आदिशक्ति की आराधना पर विशेष बल दिया गया है।

# ऊर्जा का उत्सव नवरात्री





**नवरात्रि** एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है नौ रातें। यह पर्व साल में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ, अश्विन, पोषप्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातो में तीन देवियों - महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वतीया सरस्वतीकि तथा दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हे नवदुर्गा कहते हैं। नौ देवियाँ है - श्री शैलपुत्री, श्री ब्रह्मचारिणी, श्री चंद्रघंटा, श्री कुष्मांडा, श्री स्कंदमाता, श्री कात्यायनी, श्री कालरात्रि, श्री महागौरी, श्री सिद्धिदात्री।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदेय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम श्रीरामचंद्रजी ने इस शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ समुद्र तट पर किया था और उसके बाद दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान किया और विजय प्राप्त की । तब से असत्य, अधर्म पर सत्य, धर्म की जीत का पर्व दशहरा मनाया जाने लगा। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशः अलग-अलग पूजा की जाती है। माँ दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियाँ देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं । नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। नवदुर्गा और दस महाविधाओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दस महाविधाएँ अनंत सिद्धियाँ प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

## प्रमुख कथा

लंका-युद्ध में ब्रह्माजी ने श्रीराम से रावण वध के लिए चंडी देवी का पूजन कर देवी को प्रसन्न करने को कहा और बताए अनुसार चंडी पूजन और हवन हेतु दुर्लभ एक सौ आठ नीलकमल की व्यवस्था की गई। वहीं दूसरी ओर रावण ने भी अमरता के लोभ में विजय कामना से चंडी पाठ प्रारंभ किया। यह बात इंद्र देव ने पवन देव के माध्यम से श्रीराम के पास पहुँचाई और परामर्श दिया कि चंडी पाठ यथासभंव पूर्ण होने दिया जाए। इधर हवन सामग्री में पूजा स्थल से एक नीलकमल रावण की मायावी शक्ति से गायब हो गया और राम का संकल्प टूटता-सा नजर आने लगा। भय इस बात का था कि देवी माँ रुष्ट न हो जाएँ। दुर्लभ नीलकमल की व्यवस्था तत्काल असंभव थी, तब भगवान राम को सहज ही स्मरण हुआ कि मुझे लोग कमलनयन नवकंच लोचन कहते हैं, तो क्यों न संकल्प पूर्ति हेतु एक नेत्र अर्पित कर दिया जाए और प्रभु राम जैसे ही तूणीर से एक बाण निकालकर अपना नेत्र निकालने के लिए तैयार हुए, तब देवी ने प्रकट हो, हाथ पकड़कर कहा- राम मैं प्रसन्न हूँ और विजयश्री का आशीर्वाद दिया। वहीं रावण के चंडी पाठ में यज्ञ कर रहे ब्राह्मणों की सेवा में ब्राह्मण बालक का रूप धर कर हनुमानजी सेवा में जुट गए। निःस्वार्थ सेवा देखकर ब्राह्मणों ने हनुमानजी से वर माँगने को कहा। इस पर हनुमान ने विनम्रतापूर्वक कहा- प्रभु, आप प्रसन्न हैं तो जिस मंत्र से यज्ञ कर रहे हैं, उसका एक अक्षर मेरे कहने से बदल दीजिए। ब्राह्मण इस रहस्य को समझ नहीं सके और तथास्तु कह दिया। मंत्र में जयादेवी... भूर्तिहरिणी में ह के स्थान पर क उच्चारित करें, यही मेरी इच्छा है। भूर्तिहरिणी यानी कि प्राणियों की पीड़ा हरने वाली और करिणी का अर्थ हो गया प्राणियों को पीड़ित करने वाली, जिससे देवी रुष्ट हो गई और रावण का सर्वनाश करवा दिया। हनुमानजी महाराज ने श्लोक में ह की जगह क करवाकर रावण के यज्ञ की दिशा ही बदल दी।

## अन्य कथाएं

इस पर्व से जुड़ी एक अन्य कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। और प्रत्याशित प्रतिफल स्वरूप महिषासुर ने नरक का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए हैं और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा है। तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की। ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गई थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततः महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं।

## निर्माणाधीन मूर्तियां

चौमासे में जो कार्य स्थगित किए गए होते हैं, उनके आरंभ के लिए साधन इसी दिन से जुटाए जाते हैं। क्षत्रियों का यह बहुत बड़ा पर्व है। इस दिन ब्राह्मण सरस्वती-पूजन तथा क्षत्रिय शस्त्र-पूजन आरंभ करते हैं। विजयादशमी या दशहरा एक राष्ट्रीय पर्व है। अर्थात आश्विन शुक्ल दशमी को सायंकाल तारा उदय होने के समय विजयकाल रहता है। यह सभी कार्यों को सिद्ध करता है। आश्विन शुक्ल दशमी पूर्वविद्धा निषिद्ध, परविद्धा शुद्ध और श्रवण नक्षत्रयुक्त सूर्योदयव्यापिनी सर्वश्रेष्ठ होती है। अपराह्न काल, श्रवण नक्षत्र तथा दशमी का प्रारंभ विजय यात्रा का मुहूर्त माना गया है। दुर्गा-विसर्जन, अपराजिता पूजन, विजय-प्रयाग, शमी पूजन तथा नवरात्र-पारण इस पर्व के महान कर्म हैं। इस दिन संध्या के समय नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ माना जाता है। क्षत्रिय/राजपूतों इस दिन प्रातः स्नानादि नित्य कर्म से निवृत्त होकर संकल्प मंत्र लेते हैं। इसके पश्चात देवताओं, गुरुजन, अस्त्र-शस्त्र, अश्व आदि के यथाविधि पूजन की परंपरा है।

# कैसे करें घट स्थापना

आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शारदीय नवरात्रि की धूम नौ दिनों तक रहेगी। इन दिनों मां भगवती के नौ रूपों का पूजन-अर्चन होगा। आइए जानते हैं घटस्थापना कैसे करें -

- घटस्थापना हमेशा शुभ मुहूर्त में करनी चाहिए।
- नित्य कर्म और स्नान के बाद ध्यान करें।
- इसके बाद पूजन स्थल से अलग एक पाटे पर लाल व सफेद कपड़ा बिछाएं।
- इस पर अक्षत से अष्टदल बनाकर इस पर जल से भरा कलश स्थापित करें।
- इस कलश में शतावरी जड़ी, हलकुंड, कमल गट्टे व रजत का सिक्का डालें।
- दीप प्रज्ज्वलित कर इष्ट देव का ध्यान करें।
- तत्पश्चात देवी मंत्र का जाप करें।
- अब कलश के सामने गेहूं व जौ को मिट्टी के पात्र में रोंपें।
- इस ज्वारे को माताजी का स्वरूप मानकर पूजन करें।
- अंतिम दिन ज्वारे का विसर्जन करें।



# नौ दिन कैसे करें कन्या-पूजन

नवरात्रि यानी सौन्दर्य के मुखरित होने का पर्व। नवरात्रि यानी उमंग से खिल-खिल जाने का पर्व। कहते हैं, नौ दिनों तक दैवीय शक्ति मनुष्य लोक के भ्रमण के लिए आती है। इन दिनों की गई उपासना-आराधना से देवी भक्तों पर प्रसन्न होती है। लेकिन पुराणों में वर्णित है कि मात्र श्लोक-मंत्र-उपवास और हवन से देवी को प्रसन्न नहीं किया जा सकता। इन दिनों 2 से लेकर 5 वर्ष तक की नन्ही कन्याओं के पूजन का विशेष महत्व है। नौ दिनों तक इन नन्ही कन्याओं को सुंदर गिफ्ट्स देकर इनका दिल जीता जा सकता है। इनके माध्यम से नवदुर्गा को भी प्रसन्न किया जा सकता है। पुराणों की दृष्टि से नौ दिनों तक कन्याओं को एक विशेष प्रकार की भेंट देना शुभ होता है।


- प्रथम दिन इन्हें फूल की भेंट देना शुभ होता है। साथ में कोई एक श्रृंगार सामग्री अवश्य दें। अगर आप मां सरस्वती को प्रसन्न करना चाहते है तो श्वेत फूल अर्पित करें। अगर आपके दिल में कोई भौतिक कामना है तो लाल पुष्प देकर इन्हें खुश करें। (उदाहरण के लिए :- गुलाब, चंपा, मोगरा, गेंदा, गुड़हल)
- दूसरे दिन फल देकर इनका पूजन करें। यह फल भी सांसारिक कामना के लिए लाल अथवा पीला और वैराग्य की प्राप्ति के लिए केला या श्रीफल हो सकता है। याद रखें कि फल खट्टे ना हो।
- तीसरे दिन मिठाई का महत्व होता है। इस दिन अगर हाथ की बनी खीर, हलवा या केशरिया चावल बना कर खिलाए जाएं तो देवी प्रसन्न होती है।
- चौथे दिन इन्हें वस्त्र देने का महत्व है लेकिन सामर्थ्य अनुसार रूमाल या रंगबिरंगे रीबन दिए जा सकते हैं।
- पांचवे दिन देवी से सौभाग्य और संतान प्राप्ति की मनोकामना की जाती है। अतः कन्याओं को पांच प्रकार की श्रृंगार सामग्री देना अत्यंत शुभ होता है। इनमें बिंदिया, चूड़ी, मेहंदी, बालों के लिए क्लिप्स, सुगंधित साबुन, काजल, नेलपॉलिश, टैल्कम पावडर इत्यादि हो सकते हैं।
- छटे दिन बच्चियों को खेल-सामग्री देना चाहिए। आजकल बाजार में खेल सामग्री की अनेक वैरायटी उपलब्ध है। पहले यह रिवाज पांचे, रस्सी और छोटे-मोटे खिलौनों तक सीमित था। अब तो ढेर सारे विकल्प मौजूद है।
- सातवां दिन मां सरस्वती के आह्वान का होता है। अतः इस दिन कन्याओं को शिक्षण सामग्री दी जानी चाहिए। आजकल स्टेशनरी बाजार में विभिन्न प्रकार के पेन, स्केच पेन, पेंसिल, कॉपी, ड्रॉईंग बुक्स, कंपास, वाटर बॉटल, कलर बॉक्स, लंच बॉक्स उपलब्ध है।
- आठवां दिन नवरात्रि का सबसे पवित्र दिन माना जाता है। इस दिन अगर कन्या का अपने हाथों से श्रृंगार किया जाए तो देवी विशेष आशीर्वाद देती है। इस दिन कन्या के दूध से पैर पूजने चाहिए। पैरों पर अक्षत, फूल और कुंकुम लगाना चाहिए। इस दिन कन्या को भोजन कराना चाहिए और यथासामर्थ्य कोई भी भेंट देनी चाहिए। हर दिन कन्या-पूजन में दक्षिणा अवश्य दें।
- नौवें दिन खीर, ग्वारफली और दूध में गूंथी पूरियां कन्या को खिलानी चाहिए। उसके पैरों में महावर और हाथों में मेहंदी लगाने से देवी पूजा संपूर्ण होती है। अगर आपने घर पर हवन का अयोजन किया है तो उसके नन्हे हाथों से उसमें समिधा अवश्य डलवाएं। उसे इलायची और पान का सेवन कराएं।





# नवरात्रि के चमत्कारिक दिव्य मंत्र

वर्तमान में मनुष्य ने अपने जीवन को इतनी आवश्यकताओं से घेर लिया है कि वह उनमें ही उलझा रहता है। ऐसे मनुष्यों के लिए समस्याओं को हल करने के लिए सरलतम मंत्र दे रहे हैं। जो नवरात्रि में करने से सफलता मिलती है एवं समस्या से छुटकारा मिलता है। ऐसे पावन नौ दिनों के लिए दिव्य मंत्र दिए जा रहे हैं, जिनके विधिवत परायण करने से स्वयं के नाना प्रकार के कार्य व सामूहिक रूप से दूसरों के कार्य पूर्ण होते हैं। इन मंत्रों को नौ दिनों में अवश्य जाप करें। इनसे यश, सुख, समृद्धि, पराक्रम, वैभव, बुद्धि, ज्ञान, सेहत, आयु, विद्या, धन, संपत्ति, ऐश्वर्य सभी की प्राप्ति होती है। विपत्तियों का नाश होगा।



### विपत्ति-नाश के लिए

शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे।
सर्वस्यापहरे देवि नारायणि नमोस्तुते।।

### भय नाश के लिए

सर्वस्वरूपे सर्वेश सर्वशक्तिसमन्विते।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि, दुर्गे देवि नमोस्तुते।।

### पाप नाश तथा भक्ति की प्राप्ति के लिए

नमेभ्य सर्वदा भक्त्या चण्डिके दुरितापहे।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।।

### हर प्रकार के कल्याण के लिए

सर्वमंगल्यमांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुते।।

### धन, पुत्रादि प्राप्ति के लिए

सर्वबाधाविनिर्मुक्तो-धनधान्यसुतान्वित
मनुष्यों मत्प्रसादेन भविष्यति न संशय।।

### रक्षा पाने के लिए

शूलेन पाहि नो देवि पाहि खंडे न चाम्बिके।
घण्टास्वनेन न पाहि चापज्यानि स्वनेन च।।

### मोक्ष की प्राप्ति के लिए

त्वं वैष्णवी शक्तिरन्तवीर्या।
विश्वस्य बीजं परमासि माया।
सम्मोहितं देवि समस्तमेत
त्वं वै प्रसन्ना भूवि मुक्ति हेतु।।

### बाधा व शांति के लिए

सर्वबाधाप्रमशन त्रैलोक्याखिलेश्वरि।
एवमेव त्वया कार्यमस्यद्वैरिविनाशन्नम।।

### सुलक्षणा पत्नी की प्राप्ति के लिए

पत्नी मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम
तारिणी दुर्गसंसारसागरस्य कुलोद्भवाम।।

## संक्षिप्त समाचार

### हनुमान जी के मंदिर से 12केजी पीतल का घंटा और शंकर जी के मंदिर से पीतल का कलश चोरी

**नंदगंज(गाजीपुर)।** नंदगंज (इशोपुर) रेलवे स्टेशन के पास काली माता मन्दिर परिसर में स्थित हनुमान जी के मंदिर से रात्रि में



12केजी पीतल का घंटा चोरों ने चोरी कर लिया ।जब आज सुबह मंदिर के पुजारी व गांव के लोग मंदिर पहुंचे तो घंटा गायब मिला। इसी तरह परिसर में स्थित भगवान शंकर के मंदिर से विगत 15 दिन पूर्व पीतल का कलश चोरों ने चोरी कर लिया था ।जिससे क्षेत्र की जनता में निराशा के साथ ही आक्रोश व्याप्त है। नंदगंज थाने में काली मंदिर के सदस्य पंकज कुमार जायसवाल ,राजा सिंह यादव, भुल्लन जायसवाल व चंद्रदेव यादव ने प्रार्थना पत्र दे कर कार्यवाही करने की मांग की है।

### कैम्पस एक्टिववियर ने विक्रांत मैसी को बनाया ऑटम विंटर 2024 कलेक्शन का नया ब्रांड एंबेसडर

**वाराणसीः** भारत के सबसे बड़े खेल और एथलेटिक फुटवियर ब्रांडों में से एक, कैम्पस एक्टिववियर, ने भारतीय फिल्म अभिनेता




विक्रांत मैसी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। कैम्पस और विक्रांत मैसी के बीच यह साझेदारी स्टाइल, बहुमुखी प्रतिभा और आत्म-अभिव्यक्ति का एक बेहतरीन मिश्रण है—जो अभिनेता और ब्रांड, दोनों की पहचान का प्रतीक है। विक्रांत मैसी ऑन-स्क्रीन अपनी शानदार परफॉर्मेंस और ऑफ-स्क्रीन अपने आकर्षक और सहज व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। उनकी यात्रा, जो टेलीविजन से लेकर समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों तक फैली है, ठीक उसी तरह है जैसे कैम्पस एक्टिववियर का सफर, जो आज देश के सबसे बड़े एथलेजर ब्रांड्स में शुमार है। उनके अनूठे व्यक्तित्व और अभिनय का हर पहलू, कैम्पस एक्टिववियर के महत्व और आधुनिक युवाओं के जोश और जुनून से मेल खाता है।

### संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**वाराणसीः** संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार कंपनी 31 मार्च, 2024 तक स्थापित क्षमता के मामले में भारत में इलेक्ट्रिक रेजिस्टेंस वेल्डेड स्टील पाइप और स्ट्रक्चरल ट्यूब (होलो सेक्शन) के प्रमुख निमार्ताओं में से एक है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से इक्विटी शेयरों की पेशकश के माध्यम से 5,400 मिलियन तक के फंड जुटाने की योजना बनाई है। इस ऑफर में 4400 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 1000 मिलियन तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### वरिंदरा कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**वाराणसीः** वरिंदरा कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। वरिंदरा कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड एक एकीकृत इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कंपनी है, जिसके पास आवासीय इकाइयों, वाणिज्यिक परिसर, कार्यालय, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, उच्च न्यायालय और पुस्तकालय सहित अनेक भवन परियोजनाओं के निर्माण का व्यापक अनुभव है। साथ ही कंपनी के पास मेट्रो डिपो, विमान हैंगर और सड़कों जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण का भी लंबा अनुभव है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के जरिये इक्विटी शेयरों की पेशकश के माध्यम से कुल 12000 मिलियन तक धन जुटाने की योजना बनाई है।

# नवरात्र के पहले दिन गंगा जल लेके भ्रूण हत्या रोकने का दिलाया संकल्प

## बेटियों की रक्षा करना ही हमारा धर्मः पप्पू पाण्डेय

**हर साल सौभाग्यशाली बेटियों की निःशुल्क शादी कराते हैं, बेटियों को बोझ न समझे माँ बाप :-पप्पू पाण्डेय**

उजाला संचार

**कुशीनगर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनाँक 03/10/2024, दिन - बृहस्पतिवार को पडरौना विकास खंड के पचरुखिया मुसहर बस्ती में नवरात्रि के पहले दिन वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के उद्देश्य से यहाँ के स्थानीय लोगों व खासकर महिलाओं को शपथ दिलाया गया।



इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय ने कहा कि आये दिन कन्या भ्रूण हत्या थमने का नाम नहीं ले रहा है, 1000:925 का लिंगानुपात देखी जा रही है, फिर भी हमारे समाज में अशिक्षा एवं अज्ञानता के चलते निर्दोष कन्याओं का भ्रूण हत्या रुकने का क्रम जारी है।

उन्होंने आगे कहा कि बेटियों की रक्षा करना ही हमारा धर्म है, और वास्तविक नवरात्र का यही उद्देश्य भी है। हम सभी माताओं व बहनों से अपील करते हैं कि किसी भी कीमत पर कन्या भ्रूण हत्या या लिंग जाँच न कराएं, क्योंकि बेटियां कोई बोझ या अभिशाप नहीं हैं, हमारी संस्था पडरौना के बरिष्ठ समाजसेवी दीपनारायण अग्रवाल जी के संरक्षण में हर साल निःशुल्क शौभाग्यशाली कन्याओं का विवाह कराते हैं, इसलिए किसी भी माँ बाप को ज्यादा चिंतित होने की जरुरत नहीं है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल मंत्री विशुनपुरा मनोज कुमार गोंड, चंदन पांडेय ,ब्रह्मा गुप्ता, परमा प्रसाद, कैलाश, मोहन मुसहर, नारायण मुसहर, किशोर मुसहर, रमाकांत, वैशाली, संपतिया, रमाकांत, प्रभु, दुराली, मीना देवी, राजेश, उमा,हरिंदर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# टूटी सड़क का निर्माण कराया

उजाला संचार

**कुशीनगर।** चंदरपुर लक्ष्मीगंज चौराहे से कस्बे में जाने वाले रास्ते में सड़क टूट गई थी एवं पानी का बहाव होने के कारण आगमन में समस्या हो रही थी इसके दृष्टिगत समस्या का समाधान करने हेतु नाली की व्यवस्था कराई जा रही है। मौके पर नायब तहसीलदार व राजस्व विभाग की टीम पीडब्ल्यूडी के जेई की उपस्थित में समाधान कराया गया। रामकोला विकास खण्ड में स्थित रामकोला - कप्तानगंज एन एच 730 मार्ग से बाई पास रोड़ कट कर लक्ष्मीगंज संपर्क मार्ग जाने वाली मार्ग पर पानी की बहाव होने से रास्ते में गड्ढा हो गया था जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी ग्रामीणों की शिकायत को नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह श्री नेट और राजस्व टीम हल्का लेखपाल मार्कण्डेय गुप्ता पीडब्ल्यूडी के जेई अविनाश मिश्रा मौके पर पहुंच कर पानी की बहाव के लिया नाली



जेसीबी लगा कर चन्दरपुर लक्ष्मीगंज चौराहे से कस्बे में जाने वाले रास्ते में सड़क टूट गई थी एवं पानी का बहाव होने के कारण आगमन में समस्या हो रही थी इसके दृष्टिगत समस्या का समाधान करने हेतु नाली की व्यवस्था जेसीबी से कराई जा रही है।

# जिलाधिकारी द्वारा ताइक्वाण्डो प्रशिक्षण का किया गया शुभारम्भ

उजाला संचार

**मीरजापुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बालिकाओं के आत्म सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में संचालित स्व0 काशी राम राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मुसफ्फरगंज में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा ताइक्वाण्डो प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय में शिक्षारत समस्त बालिकाओं को उनके आत्म सुरक्षा हेतु एक माह तक ताइक्वाण्डो का महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में शिक्षारत समस्त बालिकाओं से कहा गया कि वे ताइक्वाण्डो प्रशिक्षण पूर्णनिष्ठा के साथ ग्रहण करें, ताकि भविष्य में यदि उनके समक्ष कोई विपरित परिस्थितियां आती है, तो वे अपना बचाव करने के साथ ही साथ अपने आसपास के लोगो को भी उसने सुरक्षा में सहायता प्रदान कर



सकें। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले बालक व बालिका को सम्मानित भी किया गया। उक्त शुभारम्भ कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, प्रधानाचार्य अनीता, ताइक्वाण्डो प्रशिक्षक के साथ ही अन्य शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे।

जनपद मीरजापुर में मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत आज दिनांक 03.10.2024 को जनपद के जुबली इण्टर कालेज, रमईपट्टी, मीरजापुर एवं सरस्वती बालिका इण्टर कालेज, फतहां, मीरजापुर में लैंगिक समानता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम व गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं को लैंगिक समानता, मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता व साइबर क्राइम के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभाग के प्रधानाध्यापक, महिला कल्याण विभाग के कार्मिक व छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

# बीजेपी सरकार में उद्योगपतियों को बढ़ावा मिल रहा है प्रमोद तिवारी

उजाला संचार

**मिर्जापुर।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद उप नेता राज्यसभा प्रमोद तिवारी ने नवरात्रि के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन करने के बाद राज्यसभा के उप नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि बीजेपी की सरकार में सिर्फ उद्योगपतियों को बढ़ावा मिल रहा है श्री तिवारी ने कहा कि हो रहे हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर के चुनाव में कांग्रेस पार्टी बहुमत से सरकार बनाएगी श्री तिवारी ने कहा कि हम खुद चुनाव प्रचार में गए हुए थे वहां का जनता का झुकाव कांग्रेस पार्टी के तरफ बढ़ रहा है श्री तिवारी ने कहा कि बीजेपी आरक्षण खत्म करने की कोशिश कर रही है जिसे कांग्रेस पार्टी नहीं होने देगी भाजपा बाबा साहब के संविधान पर आक्रमण कर रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत से संविधान की रक्षा करेगी श्री ने कहा कि गरीबों को जो कुछ भी मिल रहा है इसी संविधान की देन है भाजपा सरकार में बड़े-बड़े उद्योगपतियों



के लोन माफ करती है निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए तीन कृषि काला कानून लागू करती है तब संविधान पर आक्रमण होता है श्री तिवारी ने कहा कि युवा वर्गों आज बेरोजगार है महंगाई आसमान छू रही है सरकारी इस पर ध्यान नहीं दे रही है बीजेपी सरकार सिर्फ जात धर्म को बढ़ावा दे रही है रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ रहा है। पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने भी कहा कि होने वाले मझवा विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार मजबूती से लड़ेगा। उपस्थित जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी छोटे खान हरिकेश त्रिपाठी किशोर संजय तिवारी शाश्वत मिश्रा विजय यादव मनोज पटेल वरिष्ठ अधिवक्ता राम सिंह कमलेश दुबे राजधर दुबे किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय दुबे जिला पंचायत सदस्य कृष्ण गोपाल चौधरी इश्तियाक अंसारी अमर दुबे उत्तर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग की महासचिव श्रीमती राधा बिन्द अंकुर श्रीवास्तव आजाद मनीष दुबे राजेंद्र विश्वकर्मा डॉ दिनेश चौधरी संदीप तिवारी विजय दुबे पहाड़ी मोहित मिश्रा आदि उपस्थित रहें।

# ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का एक छात्र को मारने का वीडियो हुआ वायरल

## काफी पड़ताल के बाद मालूम हुआ कि स्कूल में पढ़ रहे एक छात्र का भाई शिकायत लेकर पहुंचा था शिक्षक के पास

***यह बात शिक्षकों को इतना नागवार गुजरा कि वह उस छात्र की बात सुनने के बजाए शिक्षक उस पर टूट पड़े और मारने लगे**

उजाला संचार

**भदोही।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो बड़े ही तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ शिक्षक एक छात्र को मारते हुए नजर आ रहे हैं। इस वायरल वीडियो के संबंध में जब पड़ताल की गई तो मालूम हुआ कि यह ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल का है। जिसमें छात्र को जो मारते-पीटते दिख रहे हैं। वह ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल के शिक्षक है। वायरल वीडियो के पड़ताल में यह भी मालूम हुआ कि नगर के भरत तिराहा के पास के दो छात्र ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं। एक कक्षा 12 का तो दूसरा कक्षा 11 का छात्र है। कक्षा 11 के छात्र की स्कूल के ही शिक्षक द्वारा बूरी तरह से पिटाई कर दी गई थी। छोटे भाई को रोता देख बड़ा भाई जो उसी स्कूल में कक्षा 12 का छात्र है। शिकायत लेकर स्कूल शिक्षक के पास गया था। जिसको देखते हुए ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल के शिक्षक उसपर टूट पड़े और गधे की तरह मारना शुरू कर दिया। मारने-पीटने के बाद भी शिक्षकों का गुस्सा यही पर शांत नहीं हुआ। उनके द्वारा उस कक्षा 12 के छात्र को विद्यालय आने पर रोक लगा दी गई। हालांकि इतना गनीमत था कि उसे बोर्ड की परीक्षा में बैठने के लिए इजाजत दे दिया गया है। हालांकि मालूम हुआ कि वीडियो वायरल होने के बाद स्कूल के प्रबंधक द्वारा छात्र के पिता को बुलाकर शिक्षकों द्वारा किए गए इस तरह की हरकतों को लेकर माफी मांग ली कि माई-बाप एक बार मांग कर दीजिए। दोबारा इस तरह की गलती नहीं होगी। छात्र व उसके



अभिभावक अब मीडिया से बातचीत करने से कतरा रहे हैं। इस संबंध में जब स्कूल के प्रबंधक अब्दुल कादिर अंसारी से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। शायद वह भी मीडिया से बात करने को लेकर कतरा रहे हैं।

**स्कूल में मारपीट का यह कोई पहला मामला नहीं**

ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल में शिक्षकों द्वारा बच्चों व उनके अभिभावकों से मारपीट किए जाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। नाम न छपने की शर्त पर उस स्कूल में पढ़ने वाले कुछ बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि इस तरह से अक्सर स्कूल में शिक्षकों द्वारा बच्चों व उनके अभिभावकों से मारपीट किया जाता है। स्कूल प्रबंधन तंत्र द्वारा शिक्षकों को इसके लिए खुली छूट दे दी गई है। प्रबंधक की शह पर ही शिक्षक इस तरह की हरकतें करते हैं। बच्चा स्कूल में पढ़ता है। इसलिए उनके द्वारा कोई शिकायत नहीं की जाती है। वह शिक्षकों के प्रताड़ना को झेलने के लिए विवश हो रहे हैं। उन्हें मालूम है कि शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं होगी। क्योंकि स्कूल चलाने वाला व्यक्ति काफी रसूखदार है। वह कारवाई को पैसे के बल पर प्रभावित कर देगा।

**छात्र के अभिभावक ने स्कूल में आकर मांग लिया है माफीः प्रिंसिपल**

ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रेनू बाला सिंह ने बताया कि मामला कुछ भी नहीं था। पहले उस युवक ने शिक्षक पर हाथ उठाया। उसके बाद शिक्षक द्वारा मारा गया। इस मामले में मीडिया द्वारा जबरदस्ती तुल दिया जा रहा है। जबकि उसके पिता स्कूल में आकर माफी मांग चुके हैं। जिस छात्र के कारण यह सब हुआ था। उसको स्कूल से निस्कासित कर लिया गया है।

**ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाईः डीआईओएस**

जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान ने बताया कि शिक्षकों ने मारपीट की तो यह गलत है। उनको मारने का कोई अधिकार नहीं है। चूंकि यह स्कूल सीबीएसई की है। जिले में सीबीएसई के स्कूल को देखने वाले कोई अधिकारी नही है। मंडल स्तर पर सीबीएसई के स्कूल के मामले को देखने के लिए अधिकारी होते हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल की जांच की जाएगी। घटना के संबंध में सत्यता पाए जाने के बाद स्कूल और मारपीट करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा लोक सभा गाजीपुर पूर्व प्रत्याशी पारस नाथ राय ने हुरमुजपुर में रामलीला मंच उद्घाटन के साथ शस्त्र पूजा की

उजाला संचार

**सादात -गाजीपुर।** क्षेत्र के हरमुजपुर ग्राम में नवरात्र के शुभ अवसर पर रामलीला की शुरूवात हुई जिसमें मुख्य अतिथि गाजीपुर लोक सभा पूर्व प्रत्याशी पारस नाथ राय ने मंच पर फीता काटकर उद्घाटन किया तत्पश्चात रामदरबार व शस्त्र पूजा किए एवं बताएं की राम चरित मानस से हमें आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है क्योंकि भगवान राम एक राजा के पुत्र थे वनवास के समय रास्ते में बहुत से राज्य थे जो उनके परिचित भी थे अगर भगवान राम चाहते तो किसी भी राजा से सहयोग ले सकते थे लेकिन भगवान राम ने केवट, सुग्रीव, जटायु,भीभीषण जैसे बानर, भालू, पक्षी सेबरी के भाव पूर्व जूठे बेर खाकर बड़े बड़े युद्ध लड़े एवं तीनो लोकों पर राज करने वाले रावण को मयार्दा में रह कर समाप्त किए तब जाकर मयार्दा पुरुषोत्तम राम बने इसलिए हमलोगों को भी बिना भेदभाव किए समाज के हर तबके के लोगों को साथ में लेकर देश का नव निर्माण करना है एवं मुख्य अतिथि ने यह भी कहा की हमें सरस्वती जी के साथ साथ दुर्गा जी के शक्ति रूप का भी आराधना करनी है क्योंकि भगवान राम को भी रावण पर विजय प्राप्त करने के लिए शक्ति का आराधना करना पड़ा तभी विजय प्राप्त हुआ ' समाजसेवी सेवी प्रद्युम्न राय ने कहा की आज रामलीला का संचालन हो रहा है जिससे हमारी नई पीढ़ी को भी राम जी के जीवन को मंचन कर मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी के आदर्शों का अनुसरण करने हेतू प्रेरित करता है। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पाण्डेय ने कहा की आज समाज को रामचरित मानस का अनुसरण करना चाहिए इसी का मंचन रामलीला के माध्यम से किया जाता है ' रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि पारस नाथ राय का धन्यवाद किया की वो पहले नेता हैं की सबके सुख दुःख में पहुँच रहे हैं एवं हमारी कमेटी के एक बुलावे पर तुरंत चले आए एवं कहा की कई ऐसे नेता हैं की जितने के बाद कभी दिखाई नहीं देते ' कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र मिश्रा ने किया ' आदर्श राय, हरिद्वार शर्मा, सूरज, रामधनी सिंह, अशोक सिंह, विश्वामित्र पाण्डेय, दीपक सिंह, टीका सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# भागवत कथा से प्रभावित होकर ईसाई धर्म से हिंदू बन घर वापसी किया एक परिवार

उजाला संचार

**सादात -गाजीपुर।** क्षेत्र के ग्राम कटयां में दिनांक 28 सितम्बर से श्री मद भागवत कथा चल रही है जिसका समापन 4 अक्टूबर को होना है ' कथा वाचक व्यास श्री लाल जी महराज के कथा श्रवण से प्रभावित होकर पूरे ग्रामीणों



के सामने ग्राम के ही एक परिवार के 6 सदस्य इशाई धर्म से हिंदू धर्म अपनाकर घर वापसी की एवं बताया की मुझे पैसे का प्रलोभन देकर ईसाई बनाया गया था ' अब मैं काफी खुश हूँ ' कथा वाचक लाल जी महराज ने बताया की कथा का समापन पूणार्हुति 4 सितंबर को होगा कथा में मुख्य रूप से रेलवे गार्ड से अवकाश प्राप्त गोरख राय, रुक्मणि राय, संदीप राय, सुधीर राय, प्रदीप राय, सुभाष राय, हरि राय, पंकज राय, टप्पू राय, डाक्टर अजय भारद्वाज, रामबचन विश्वकर्मा, डाक्टर गुलाब भारद्वाज, सुरेंद्र राय, मुरारी राय, ग्राम प्रधान रमेश यादव, दिनेश यादव आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सुन्दर कांड एवं गीता वितरण महाभियान यात्रा का पांचवा दिन हुआ सकुशल संपन्न

उजाला संचार

पद्मकुंज फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक त्रिलोकी नाथ राय ने बताया कि हर घर गीता एवं सुन्दर कांड वितरण महाभियान संकल्प यात्रा का पांचवा दिन आज मुहम्मदाबाद से शुरू होकर हरदासपुर मे समाप्त हुई।

महाभियान के तहत फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक त्रिलोकी नाथ राय, राष्ट्रीय प्रभारी विवेक राय, प्रदेश प्रवक्ता निर्भय सिंह चौहान, प्रदेश प्रभारी प्रमोद राय एवं प्रदेश संयोजक सुनील राय की एक शिष्टाचार मुलाकात प्रमुख समाजसेवी श्री नीरज मिश्रा बीरभानपुर से हुई उन्होंने महाभियान की सफलता के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



इसी क्रम मे अनिल चौरसिया, मनोज राय, उमाशंकर राय, त्रिलोकी नाथ राय, एवं सत्यदेव राय इत्यादि सैकड़ो लोगो से मुलाकात हुई और इन लोगों को गीता एवं सुन्दर कांड भेंट किया गया। इन सभी लोगों ने फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे जनहित सेवाओं मे अपना पूरा योगदान देने का भरोसा दिलाया।

फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक त्रिलोकी नाथ राय ने बताया कि हर हर गीता एवं सुन्दर कांड महाभियान संकल्प यात्रा अनवरत जारी रहेगी। जल्दी ही उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले मे इस अभियान को पहुँचाने का प्रयास जारी है।

## सार संक्षेप

### वायुसेना ने यूनाइटेड भारत को हराया

**नई दिल्ली** : मैन ऑफ द मैच अमन खान के शानदार खेल की बदौलत बुधवार को भारतीय वायुसेना ने यूनाइटेड भारत को 3–0 से हराकर डीएसए प्रीमियर लीग में आसान जीत दर्ज की। यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में सीनियर डिवीजन से प्रोमोट हुई यूनाइटेड भारत एक बार फिर हार बचाने में नाकाम रही। उसे लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। हालांकि भारतीय वायुसेना ने शुरुआती मिनटों में ही दो गोल की बढ़त बना ली थी लेकिन दूसरे और पांचवें मिनट में अमन खान के गोलों से बढ़त लेने के बाद वायुसेना को तीसरा गोल जमाने में 74 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। अंततः 79वें मिनट में सौरव ने स्कोर 3–0 किया। जीत के साथ वायुसेना ने तीन मैचों में चार अंक हो गये हैं जबकि यूनाइटेड भारत लगातार तीसरा मैच हार कर जीरो अंक के साथ बारहवें और अंतिम स्थान पर है। आज गढ़वाल एफसी और तरुण सांघा के बीच एक बजे तथा रॉयल रेंजर्स बनाम दिल्ली एफसी चार बजे मुकाबला खेला जाएगा।

### नीरज की मां के हाथ का बना चूरमा का खाकर मोदी हुए भावुक

**नई दिल्ली** : भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा की मां के हाथ का बना स्वादिष्ट व्यंजन चूरमा खाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक हुए। इस विशेष मुलाकात चूरमा खाने के बाद मोदी ने नीरज की मां को एक पत्र लिखा और उनका धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा, 'आदरणीया सरोज देवी जी, सादर प्रणाम। आशा है आप स्वस्थ, सकुशल और सानंद होंगी। जमैका के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के अवसर पर आयोजित भोज में मुझे भाई नीरज से मिलने का अवसर मिला। उनसे चर्चाओं के बीच मेरी खुशी तब और बढ़ गई, जब उन्होंने मुझे आपके हाथों से बना स्वादिष्ट चूरमा दिया। आज इस चूरमे को खाने के बाद आपको पत्र लिखने से खुद को रोक ना सका। भाई नीरज अक्सर मुझसे इस चूरमे की चर्चा करते हैं, लेकिन आज इसे खाकर मैं भावुक हो गया। आपके अपार स्नेह और अपनेपन से भरे इस उपहार ने मुझे मेरी मां की याद दिला दी। मां शक्ति, वात्सल्य और समर्पण का रूप होती है। यह संयोग ही है कि मुझे मां का ये प्रसाद नवरात्र पर्व के एक दिन पहले मिला है। मैं नवरात्रि के इन नौ दिनों में उपवास करता हूं। एक तरह से आपका ये चूरमा मेरे उपवास के पहले मेरा मुख्य अन्न बन गया है। जिस तरह आपका बनाया भोजन जैसे भाई नीरज को देश के लिए मेडल जीतने की ऊर्जा देता है। वैसे ही ये चूरमा, अगले नौ दिन मुझे राष्ट्र मेवा की शक्ति देगा। शक्ति पर्व नवरात्र के इस अवसर पर मैं आपके साथ, देशभर की मातृशक्ति को ये विश्वास दिलाता हूं कि में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए और अधिक सेवाभाव से निरंतर काम में जुटा रहूंगा।

### अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ 27वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता 2024 का मेजबान बनने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता का आयोजन केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में रायपुर में 16 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के लिए यह आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो राज्य की खेल प्रतिभाओं और वन विभाग के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रदर्शित करेगा। इस खेल महोत्सव में देशभर से वन विभाग के खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण 20 अक्टूबर को आयोजित समापन समारोह में पेरिस ओलंपिक 2024 की पदक विजेता और विश्वप्रसिद्ध निशानेबाज मनु भाकर की उपस्थिति होगी, जो खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में राज्य की तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्रीनिवास राव एवं नोडल अधिकारी शालिनी रैना के निर्देशन में राज्य के खिलाड़ी पेशेवर कोचों की देखरेख में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वन परिसर पंडरी, रायपुर में खिलाड़ियों के लिए उच्चस्तरीय आवास और पौष्टिक भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि वे अपनी फिटनेस बनाए रख सकें और सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकें।

### महिला टी–20 विश्वकप आज से

**दुबई** : संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी–20 विश्वकप के नौवें संस्करण में होने वाले भारतीय टीम के मुकाबलों का कार्यक्रम इस प्रकार है। आज से शुरु हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत का अभियान शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से शुरू होगा। यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। वहीं भारत बनाम पाकिस्तान मैच रविवार छह अक्टूबर को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष 10 टीमें दो समूहों में तीन से 20 अक्टूबर तक खिताब के हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगी। सभी टीमें राउंड–रॉबिन प्रारूप में ग्रुप स्टेज मुकाबले खेलने के बाद, प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम रिकॉर्ड छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है। वहीं ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड है।

### एमआई केपटाउन ने हेंड्रिक्स को 2.7 करोड़ में खरीदा, बावुमा अनसोल्ड रहे

केपटाउन : साउथ अफ्रीका की लीग एसए–20 के तीसरे सीजन के लिए नीलामी हो चुकी है। इसके लिए करीब 200 क्रिकेटर्स को शॉर्टलिस्ट किया गया था। इनमें से लीग की 6 फ्रेंचाइजियों ने 13 को खरीदा है। मंगलवार को नीलामी के लिए ओपनर रीजा हेंडिक्स को एमआई केपटाउन ने 2.7 करोड़ रुपये में खरीदा है। वहीं, पूर्व कप्तान टेम्बा बावुमा को कोई खरीददार नहीं मिला है। एसए–20 का अगला सीजन 9 जनवरी से शुरू होकर 8 फरवरी तक खेला जाएगा। लीग के पिछले 2 सीजन एडन मारक्रम की कप्तानी वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने जीते हैं। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने डरबन सुपर जायंट्स को 89 रन से हराकर 2024 का खिताब जीता था। टीम 2023 में पहले सीजन में भी चैंपियन बनी थी। रीजा हेंड्रिक्स 2.7 करोड़ रुपये की नीलामी के साथ इस ऑक्शन में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी बने हैं। इनके अलावा, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज समर जोसेफ को डरबन सुपर जायंट्स ने सबसे कम 20.5 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। इस नीलामी में एमआई केप टाउन, प्रिटोरिया कैपिटल्स और जोबर्ग सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी ने 3–3 खिलाड़ी खरीदे, जबकि डरबन सुपर जायंट्स ने एक ही खिलाड़ी को खरीदा। इस नीलामी में साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा और श्रीलंकाई बल्लेबाज कमिंडु मेंडिस को किसी भी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा है। बावुमा 59 टेस्ट मैचों में 3102 रन बना चुके हैं, जिसमें 2 शतक और 21 अर्धशतक शामिल हैं। उनके नाम पर वनडे में 1572 रन और टी20 इंटरनेशनल में 670 रन दर्ज हैं। फिर वह ऑक्शन में अनसोल्ड रहे हैं।

# भारत में पहली बार होगा खो–खो विश्व कप

● नई दिल्ली, वार्ता

**भारत** में अगले साल खो-खो विश्व कप का आयोजन किया जाएगा जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश हिस्सा लेंगे।



भारतीय खो-खो महासंघ ने अंतर्राष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के सहयोग से 2025 में भारत में पहले खो-खो विश्वकप के आयोजन का ऐलान किया है जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे। इसमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें भाग लेंगी। खो-खो की जड़ें भारत में हैं। आज, यह खेल जो मिट्टी से शुरू हुआ और मैट पर आ गया है और दुनिया भर में 54 देशों के साथ वैश्विक उपस्थिति बना चुका है। विश्व कप से पहले खेल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खो-खो महासंघ 10 शहरों के 200 एलीट स्कूलों में खेल को ले जाने की योजना बना रहा है। महासंघ स्कूली छात्रों के लिए

## 2025 में होगा विश्व कप का आयोजन, छह महाद्वापों के 24 देश लेंगे हिस्सा

सदस्यता अभियान भी चलाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व कप से पहले कम से कम 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि हम पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट सिर्फ प्रतिस्पर्धा की मिसाल नहीं बनेगा बल्कि यह देशों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दुनिया को खो-खो की सुंदरता और तीव्रता दिखाने का काम करेगा। हमारा अंतिम लक्ष्य 2032 तक खो-खो को ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने की ओर पहला कदम है। इस टूर्नामेंट में एक हफ्ते तक चलने वाले मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष-स्तरीय एथलीट अपने कौशल, चपलता और टीमवर्क का प्रदर्शन करेंगे। इस बीच, खो-खो विश्व कप का उद्देश्य इस स्वदेशी भारतीय खेल को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाना है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी करके, केकेएफआई 2032 संस्करण तक ओलंपिक खेलों में खो-खो की जगह सुरक्षित करने की इच्छा रखता है, जो खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# टेस्ट रैंकिंग में बुमराह नंबर वन गेंदबाज

## गेंदबाजी रैंकिंग में हमवतन रविचंद्रन अश्विन को पछाड़ा, यशस्वी और कोहली की छलांग



### बल्लेबाजी रैंकिंग में यशस्वी जयसवाल तीसरे पायदान और छठें स्थान पर पहुंचे विराट कोहली

● दुबई, वार्ता

**कानपुर** टेस्ट में छह विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हमवतन रविचंद्रन अश्विन को पछाड़ते हुए टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी रैंकिंग में यशस्वी जयसवाल तीसरे पायदान और विराट कोहली छठें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार गेंदबाजी में बुमराह 870 अंकों के साथ पहले पायदान पर है। वहीं आर अश्विन 869 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए है। यह दूसरी बार है जब बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन बने हैं। इससे पहले फरवरी में भी वह नंबर वन गेंदबाज बने थे और वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज थे। कानपुर टेस्ट में दो अर्धशतकों के साथ प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गए हैं, वहीं विराट कोहली ने शीर्ष 10 में वापसी करते



हुए छठे स्थान पर पहुंच गए। कोहली ने कम स्कोरिंग वाले कानपुर टेस्ट में 47 और नाबाद 29 का स्कोर खड़ा किया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ गॉले में खेले गए दूसरे टेस्ट में नाबाद 182 रन बनाने वाले कामिंडु मेंडिस अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11वें स्थान पर हैं, वहीं बांग्लादेश के मेहदी हसन अब टेस्ट क्रिकेट के शीर्ष पांच ऑलराउंडर्स में शुमार हो गए हैं।

## साउदी ने कप्तानी छोड़ी, लेथम की अगुवाई में भारत से भिड़ेगी न्यूजीलैंड

### भारत के खिलाफ 16 अक्टूबर से शुरु होगी टेस्ट सीरीज

**नई दिल्ली, वार्ता** : श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड को 2-0 से हार के बाद टिम साउदी ने टेस्ट की कप्तानी छोड़ दी है और भारत के खिलाफ 16 अक्टूबर से शुरु होने वाली श्रृंखला के लिए टॉम लेथम को टीम का कप्तान बनाया गया है।

साउदी ने न्यूजीलैंड के लिए कुल 14 टेस्ट मैचों में कप्तान की है, जिसमें न्यूजीलैंड को छह में जीत और छह में हार का सामना करना पड़ा। 2022 में केन विलियमसन के कप्तानी छोड़ने के बाद साउदी को कप्तान बनाया गया था। हाल ही में श्रीलंका के गॉले में न्यूजीलैंड को पारी की हार का सामना करना पड़ा था। यह न्यूजीलैंड की टेस्ट में लगातार चौथी हार थी। साउदी ने इस वर्ष पिछले आठ टेस्ट में मात्र 12 विकेट लिए। श्रीलंका में भले ही उन्होंने दोनों मैच खेले लेकिन भारत में संभव है कि परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी टीम कॉम्बिनेशन को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें मौका नहीं मिल पाए। लेथम ने इससे पहले 2020 से लेकर 2022 तक न्यूजीलैंड की कप्तानी कर चुके हैं।



उनकी अगुवाई में न्यूजीलैंड ने नौ टेस्ट मैच खेले हैं।

## बाबर आजम ने सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी

● लाहौर, वार्ता

**काम** का दबाव कम करने और बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने का हवाला देते हुए बाबर आजम ने एक वर्ष में दूसरी बार पाकिस्तान के सीमित ओवरों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है।

बाबर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी लंबी पोस्ट में बाबर ने लिखा कि मैं आप लोगों के साथ एक खबर साझा करने जा रहा हूं। मैंने पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। मैंने पिछले महीने ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस संबंध में सूचित कर दिया था। उन्होंने लिखा टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़ दूं और अपनी खेल भूमिका पर ध्यान केंद्रित करूं। उन्होंने कहा कि कप्तानी एक अच्छा अनुभव रहा है, लेकिन इसने काम का बोझ भी बढ़ा दिया है। मैं अपने प्रदर्शन को



प्राथमिकता देना चाहता हूं, अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता हूं और अपने परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहता हूं, जिससे मुझे खुशी मिलती है। उन्होंने कहा पद छोड़ने से मुझे आगे बढ़ने में स्पष्टता मिलेगी और मैं अपने खेल और व्यक्तिगत विकास पर अधिक ऊर्जा केंद्रित कर पाऊंगा। बाबर को टी-20 और एकदिवसीय टीमों का कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्हें एकदिवसीय कप्तानी करने का मौका नहीं मिला।

## ग्वालियर पहुंची टीम इंडिया–बांग्लादेश, हिंदू महासभा का विरोध

**ग्वालियर** : भारत और बांग्लादेश के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला छह अक्तूबर को ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला ग्वालियर में बने नए स्टेडियम में पहली बार होगा। वहीं, बुधवार को खिलाड़ियों के पहुंचने का सिलसिला यहां शुरू हो गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के पांच खिलाड़ी सुबह ग्वालियर एयरपोर्ट पहुंचे। जितेश शर्मा, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, अभिषेक शर्मा और रियान पराग पुलिस कारकैड के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच ग्वालियर एयरपोर्ट से होटल ऊषा किरण पैलेस के लिए रवाना हुए। भारत बांग्लादेश मैच को लेकर ग्वालियर शहर हाई सिक्योरिटी जोन में तब्दील हो चुका है। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों ही टीम के खिलाड़ी एयरपोर्ट से होटल और होटल से स्टेडियम पहुंचे। हिंदू महासभा सहित अन्य हिंदू संगठनों के द्वारा मैच को लेकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

# सरफराज खान ने जड़ा दोहरा शतक

## ईरानी कप : मुंबई ने पहली पारी में नौ विकेट पर बनाए 536 रन

● लखनऊ, ब्यूरो

**सरफराज** खान (221 नाबाद) के दोहरे शतक की बदौलत मुबंई ने ईरानी कप के पांच दिवसीय मुकाबले के दूसरे दिन बुधवार को शेष भारत के खिलाफ पहली पारी में नौ विकेट पर 536 रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

इकाना स्टेडियम पर बुधवार के खेल के हीरो मुबंई के विशेषज्ञ मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज थे जिनका जवाब शेष भारत के किसी भी गेंदबाज के पास नहीं था। यूपी में आजमगढ़ के मूल निवासी सरफराज ने अपने मंगलवार के स्कोर 54 रन से आगे खेलना शुरु किया और आज की एक अंतहीन पारी में अपनी पूरी लय में दिखाई दिए। उन्होने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का अपना 14वां शतक शान के साथ पूरा किया। वह अपने दोहरे शतक के दौरान 25 चौके और चार छक्के अब तक जड़ चुके थे। सरफराज का साथ तनुस कोटियन (64) और शार्दुल ठाकुर (36) ने दिया। शार्दुल बुधवार के खेल के अंतिम ओवर में सारांश जैन का शिकार बने। इससे पहले शेष भारत को कप्तान अंजिक्य रहाणे (97) के तौर पर बुधवार की पहली सफलता मिली। वह यश दयाल की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गए और करियर का 41वां शतक बनाने से चूक गए। शेष भारत की ओर से मुकेश कुमार 109 रन देकर अब तक चार विकेट चटका चुके हैं जबकि यश दयाल और प्रसिद्ध कृष्णा के हाथ दो-दो विकेट लगे हैं।



## दिवांशी, मुकेश ने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीते स्वर्ण

**लीमा, वार्ता** : भारतीय निशानेबाजों दिवांशी, मुकेश नेलवल्ली ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते। पेरू की राजधानी लीमा में मंगलवार को दिवांशी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अपने पहले 11 शॉट्स में से सात में चूकने के बावजूद 18 वर्षीय दिवांशी ने संभावित 50 में से 35 का स्कोर दर्ज करने के लिए वापसी की और इटली की क्रिस्टीना मैग्नानी को दो अंकों से पीछे छोड़ दिया। भारतीय निशानेबाज जबरदस्त प्रदर्शन का सामना करने से पहले दोनों निशानेबाज पांच शॉट की अंतिम सीरीज में 31 के स्कोर पर बराबरी पर थे। फ्रांस की हेलोइस फोरे ने 30 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं मुकेश नेलवल्ली ने हमवतन सूरज शर्मा को पीछे छोड़ते हुए पुरुष वर्ग का खिताब जीता।



राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

उजाला संचार

## सार संक्षेप

### थलपति 69 में काम करेंगे बॉबी देओल



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल बहुप्रतीक्षित पैन-इंडियन मैग्नम ओपस, थलपति 69 में काम करते नजर आयेंगे। केवीएन प्रोडक्शंस यह घोषणा करते हुए उत्साहित है कि बॉबी देओल आधिकारिक तौर पर थलपति 69 के कलाकारों में शामिल हो गए हैं। यह बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म थलपति विजय की अंतिम फिल्म हो सकती है। थलापति 69' के प्रोडक्शन हाउस केवीएन प्रोडक्शन्स ने एक्स पर बॉबी देओल की फोटो वाला एक पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ कैप्शन में लिखा गया है, 'अब 100 प्रतिशत ऑफिशियल, इसकी घोषणा करते हुए बहुत खुश और रोमांचित हूं। बॉबी देओल थलापति 69 कास्ट में शामिल हो गए हैं। बॉबी देओल ने भी 'थलापति 69' का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए सुपर एक्साइटेड हूं।

### जयपुर में गांधी जयंती पर शुरू हुई गांधी वाटिका

**जयपुरः** राजस्थान की राजधानी जयपुर में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को सेन्ट्रल पार्क स्थित गांधी वाटिका (गांधी दर्शन म्यूजियम) को आमजन के लिए खोल दिया गया। पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसके पहले दिन एक हजार से अधिक की संख्या में कालेज एवं स्कूल के विद्यार्थियों एवं आमजन ने गांधी वाटिका को देखा तथा गांधीजी के जीवन यात्रा को जाना। श्री जैन ने बताया कि गांधी वाटिका में महात्मा गांधी के बचपन, उनकी जीवन यात्रा एवं दक्षिण अफ्रीका यात्रा, सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन, चौरी-चोरा आन्दोलन आदि को दर्शाया गया है। उन्होंने बताया कि गांधी वाटिका में एक नए पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगी। उन्होंने बताया कि गांधी दर्शन म्यूजियम को देखकर यहां आने वाले विद्यार्थी और आगन्तुक पर्यटक गांधीजी के जीवन दर्शन से प्रेरित होंगे।

### नीलोखेड़ी से आप प्रत्याशी अमर सिंह कांग्रेस में शामिल

**चंडीगढ़ः** हरियाणा विधानसभा चुनाव में नीलोखेड़ी (सुरक्षित) विधानसभा हलके से आम आदमी पार्टी (आप) प्रत्याशी अमर सिंह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। श्री अमर सिह हरियाणा कांग्रेस के मुख्यालय में पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए और पार्टी प्रत्याशी धर्मपाल गोंदर को समर्थन का एलान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सीधा मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी में है और भाजपा के पक्ष में मत विभाजन न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

### बिहार : राहत सामग्री पहुंचा रहा हेलीकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त


**पटनाः** बिहार में मुजफ्फरपुर के औराई थाना क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री पहुंचा रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है लेकिन इसमें किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचने की कोशिश कर रही है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ( एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंचने की कोशिश कर रही है। पानी का बहाव अधिक होने के कारण टीम मौके तक नहीं पहुंच पाई है।

### जम्मू-कश्मीर : सुरनकोट से भाजपा उम्मीदवार सैयद बुखारी का निधन

**जम्मूः** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में सुरनकोट निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार सैयद मुश्ताक बुखारी का बुधवार को बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। बुखारी का निधन जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले स्थित उनके पैतृक स्थान पामरोटे सुरनकोट में हुआ। वह जम्मू क्षेत्र में निर्वाचन क्षेत्र सुरनकोट से दो बार विधायक रहे। बुखारी 2022 में भाजपा में शामिल होने से पहले चार दशक से अधिक समय तक नेशनल कॉन्फ्रेंस से जुड़े रहे।

# लोगों ने बंदूक की निरर्थकता और वोट की शक्ति को समझ लिया : सिन्हा

● श्रीनगर, वार्ता



**जम्मू**-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को एक दशक के बाद हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने के लिए पूरे प्रदेश विशेष रूप से कश्मीर के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कश्मीर के लोगों ने वोट की शक्ति और बंदूक की निरर्थकता को समझ लिया है।

सिन्हा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को राजभवन में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक मतदान हुआ क्योंकि ये चुनाव पूरे केंद्र शासित प्रदेश में शांतिपूर्ण तरीके से हुए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के उम्मीदवार आधी रात तक राजनीतिक रैलियों और रोड शो में लगे रहे। उम्मीदवारों के साथ-साथ मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि 1.40 करोड़ लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान करके जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि युवाओं को इसका पूरा श्रेय जाता है क्योंकि उन्होंने बड़ी संख्या में मतदान किया। इस चुनाव में लोगों ने दिखा दिया कि अब वे बंदूकों और पत्थरों में विश्वास नहीं रखते, बल्कि वे अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए वोट का इस्तेमाल करना चाहते हैं। युवाओं से गांधीजी के पद चिह्नों पर चलने का आग्रह करते हुए सिन्हा ने कहा कि यह राष्ट्रपिता को सबसे अच्छी श्रद्धांजलि होगी। सिन्हा ने कहा कि अब युवाओं का कर्तव्य है कि वे इस शांति को बरकरार रखें और जम्मू-कश्मीर को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने में योगदान दें।



बुधवार को नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक समारोह के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी।

# लेबनान में घुसे इजराइली सैनिक

## लेबनान में 2 किमी तक घुसी सेना, इजराइल ने की यूएन चीफ की एंट्री बैन

● नई दिल्ली, एजेंसी

**लेबनान** के दक्षिणी इलाके में इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी जमीनी लड़ाई में बुधवार को इजराइली सेना 2 किमी अंदर मरून अल-रस गांव पहुंच गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यहां इजराइली सैनिकों की हिजबुल्लाह के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई।

आमने-सामने की इस लड़ाई में अब तक इजराइल के 2 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हुए हैं। इजराइल लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, ईरान और यमन में हूतियों से लड़ाई लड़ रहा है। मंगलवार रात ईरान ने इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइल दागी थीं। हालांकि, इजराइल के मुताबिक, ईरान ने उस पर 180 मिसाइलों से हमला किया था। इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने बताया कि हमला मोसाद हेडक्वार्टर, नेवातिम एयरबेस और तेल नोफ एयरबेस को निशाना बनाकर किया गया था। ईरान की ज्यादातर मिसाइलों को इजराइल के डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया था। ईरान के हमले के बाद इजराइल ने यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरेस के इजराइल आने पर रोक लगा दी है। न्यूज के मुताबिक, इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि वठ चीफ ने ईरान के हमलों की निंदा नहीं की, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह और



हमास का समर्थन करने वाले ईरान को सोमवार को चेतावनी दी थी। उन्होंने लेबनान के हिजबुल्लाह समूह के नेता के एक हवाई हमले में मारे जाने के कुछ दिन बाद कहा, 'पश्चिम एशिया में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां इजराइल नहीं पहुंच सकता। हिजबुल्लाह ने अपने नेता हसन नसरल्ला और अन्य शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद भी लड़ाई जारी रखने का सोमवार को संकल्प लिया। आतंकी समूह के कार्यवाहक नेता नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्लाह के लड़ाके पूरी तरह से तैयार हैं।

वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि वह लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर स्थानीय जमीनी हमले कर रही है। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हेगारी ने मंगलवार को मीडिया में जारी एक वीडियो बयान में कहा कि सैनिक यह सुनिश्चित करने के लिए हिजबुल्ला के खिलाफ अभियान चला रहे हैं कि इजराइली नागरिक उत्तरी हिस्से में अपने घरों में लौट सकें। हिजबुल्लाह ने गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से ही उत्तरी इजराइल में रॉकेट हमले शुरू कर दिए थे जिससे वहां रहे लोगों को विस्थापित होना पड़ा था।

# छत्तीसगढ़ सरकार दिल्ली के इशारे पर काम कर रही : पायलट

## कहा -कांग्रेस ने मजबूरी में 'न्याय यात्रा' निकालने का लिया निर्णय

● रायपुर, वार्ता



**कांग्रेस** के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर दिल्ली के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि लोगो का शोषण और झूठे मुकदमे करना बंद नहीं किया तो हमारे कार्यकर्ता सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। पायलट ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में 'न्याय यात्रा' छठवें दिन सड्डू से निकलकर गांधी मैदान में संपन्न इस यात्रा के समापन पर बुधवार को एक विशाल आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पायलट के अलावा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, सह-प्रभारी एस.ए. सम्पत, जरिता लेफतलांग, विजय जागिड़ सहित वरिष्ठ नेता पंडरी से न्याय यात्रा में शामिल हुये। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह सेवादल के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया तथा ध्वज गीत और राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के गायन के साथ यात्रा की शुरूआत हुई। सड्डू से गांधी मैदान तक आठ किमी तक सैंकड़ो स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न व्यापारिक संगठनो आम नागरिको ने यात्रा का स्वागत किया। पायलट ने कहा कि 10 महीने सरकार के बीत जाने के बाद जो यात्रा निकाली है वह 130 किमी की 'न्याय यात्रा' को सफलता से आयोजित करने व आम जन को इस यात्रा से जोड़ने के लिये इस भीषण उमस और गर्मी में 130 किमी चलकर सड़को पर इस सरकार की जो नाकामियां है उसको रेखांकित करने का काम किया है। पत्रकारो के सवाल का जवाब देते हुये पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को शौक नहीं है मजबूरी में इस यात्रा को निकालने का निर्णय लिया।

### महिला समेत सात नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर:** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक महिला समेत सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार को थाना नेलसनार थाना एवं थाना मिरतुर में की गई है। पहली गिरफ्तारी नेलसनार थाना क्षेत्र में हुई है, जहां एरिया डोमिनेशन पर निकले जवानों को सफलता मिली। इस दौरान उन्होंने बांगापाल डोंगरीपारा के जंगल से माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री के साथ पांच सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किया। थाना मिरतुर क्षेत्र अंतर्गत चेरली विजगुफा जंगल से विस्फोटक के साथ दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये नक्सली विगत 5-6 सालों से लगातार साक्रिय होकर भाकपा माओवादी संगठन के लिए कार्य कर रहे थे।

### 'अंतरराष्ट्रीय नेपाल गुब्बारा' महोत्सव शुरू

**काठमांडू:** नेपाल के पोखरा में 30 देशों के साथ मिलकर क्रिसमस और नववर्ष के अवसर पर 24 दिसंबर से एक जनवरी तक 'अंतरराष्ट्रीय गुब्बारा महोत्सव' का आयोजन किया जायेगा। 'काठमांडू पोस्ट' की खबर के अनुसार इस महोत्सव का आयोजन 'नेपाल बैलून' कर रहा है। पोखरा के लौरुक से पामे के चंखापुर तक तीन किलोमीटर के दायरे में यह महोत्सव आयोजित किया जाएगा। 'बैलून नेपाल' नेपाल में एकमात्र हॉट एयर बैलून ऑपरेटर है। इसका काम लोगों को पोखरा में विश्व-स्तरीय हॉट एयर बैलूनिंग का रोमांचिक 'उड़ान' का अनुभव करवाना है।'बैलून नेपाल' पोखरा में स्थित है,जो नेपाल का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह हॉट एयर बैलून की उड़ानें आयोजित करता है।

### पुणे : हेलिकॉप्टर दुर्घटना में तीन की मौत

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे में बुधवार को एक हेलीकॉप्टर के आग लगने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो पायलटों सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हेरिटेज एविएशन का हेलिकॉप्टर सुबह बावधन इलाके में ऑक्सफोर्ड काउंटी रिज़ॉर्ट के हेलीपैड से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने मृतकों की पहचान दो पायलटों - परमजीत सिंह और जीके पिल्लई और इंजीनियर प्रीतम भारद्वाज के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि हेलिकॉप्टर उड़ान भरने के महज तीन मिनट बाद घने कोहरे के बीच एक पहाड़ी इलाके से गुजरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकाप्टर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के एक नेता को लेने और उन्हें रायगढ़ जिले के सुतारवाड़ी ले जाने के लिए मुंबई की ओर जा रहा था।



बुधवार को हैदराबाद में भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ।

# पार्वती सिद्धारमैया ने कराएं 14 भूखंड रद

## 14 विवादित भूमि प्लॉट्स को छोड़ने की औपचारिक दी थी अर्जी

● बेंगलुरु, वार्ता



**कर्नाटक** में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) आवंटन घोटाले में बुधवार को आए एक नाटकीय मोड़ में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी के अनुरोध पर 14 विवादास्पद भूखंडों का आवंटन आधिकारिक रूप से रद्द कर दिया गया। एक अधिकारी ने बुधवार को यहां बताया कि मुडा ने यह आवंटन रद कर दिया ।

मुडा ने यह कदम मुख्यमंत्री की पत्नी बी एम पार्वती द्वारा विवादित भूखंडों को वापस करने के अभूतपूर्व अनुरोध के बाद उठाया है,जिससे मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर भूमि आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े विवाद में नयी जान फूंकी गई है।

कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य एवं मुख्यमंत्री के बेटे डॉ. यतीन्द्र सिद्दारमैया ने मंगलवार को अपनी मां की ओर से मुडा कार्यालय में 14 विवादित भूमि प्लॉट्स को छोड़ने की औपचारिक अर्जी दी। मुडा के आयुक्त रघुनंदन ने बिना कोई समय बर्बाद किए और मूल रूप से श्रीमती सिद्दारमैया को आवंटित भूखंडों के विक्रय पत्र को रद्द कर दिया। इसके साथ, विवादित भूमि अब मुडा के नियंत्रण में वापस आ गई है, हालांकि इस मुद्दे पर राजनीति अभी समाप्त नहीं हुई है। रघुनंदन ने कहा कि कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेने के बाद हमने श्रीमती सिद्दारमैया के नाम पर आवंटित 14 भूखडों को रद्द कर दिया है और सरकार को इसके बारे में सूचित कर दिया है। भूमि अब फिर से मुडा के कब्जे में हैं और हम अगले कदम को निर्धारित करने के लिए आगे कानूनी सलाह लेंगे। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि आवंटन रद करने का निर्णय मुख्यमंत्री या उनके परिवार को इस बात की चल रही जांच से छूट प्रदान नहीं करता है।

# झारखंड सरकार के संरक्षण में चल रहे पेपर लीक कराने वाले गिरोहः पीएम



● रांची, वार्ता

## प्रधानमंत्री मोदी बोले- झारखंड के युवाओं का हक मारा जा रहा है

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि कहा कि कांग्रेस ने अपने एक परिवार को पहचान दिलाने के लिए देश के कोने-कोने में बसे आदिवासी परिवारों की पहचान मिटा दी।

मोदी ने बुधवार को हजारीबाग के मटवारी मैदान में भाजपा की परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में इतना बड़ा योगदान देने वाले आदिवासी समाज को कांग्रेस ने कभी महत्व नहीं दिया। मोदी ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सरकार के संरक्षण में झारखंड में पेपर लीक कराने वाले गिरोह चल रहे हैं। लाखों रुपए में लेकर पेपर बेचा जा रहा है और झारखंड के युवाओं का हक मारा जा रहा है। पेपर लीक के माध्यम से करोड़ों रुपए कमाए जा रहे हैं। ये पैसे उपर बैठे उनके मालिकों तक पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड की धरती ने जनजातीय संस्कृति को संजोया है। झारखंड के साथ भाजपा और उनका एक विशेष रिश्ता बन गया है। ये रिश्ता दिल का रिश्ता है। साझे सपनों का रिश्ता है। इसलिए झारखंड उन्हें बार-बार बुलाता है और वे बार-बार दौड़े चले आते हैं। मोदी ने कहा कि आज उन्हें गर्व है कि उनकी सरकार आदिवासी नायकों को पूरा सम्मान दिला रही है। ये भाजपा है, जिसने आदिवासी म्यूजियम बनाने का अभियान शुरू किया है। रांची में भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित म्यूजियम बना है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की गयी है। मोदी ने कहा कि आज से झारखंड में परिवर्तन की शुरुआत हो गयी है।झारखंड के विकास के लिए, हर गरीब को घर मिले, इसके लिए परिवर्तन की शुरुआत हो गयी है। हर घर को जल का कनेक्शन, भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए, जल, जंगल, जमीन की हिफाजत के लिए, बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए बदलाव शुरू हो गया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने ऐसी नीतियां बनाई थी जिससे कि एससी, एसटी, ओबीसी के लोग आगे न बढ़ पाएं। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र में भाजपा की सरकार है एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता है। कांग्रेस का चरित्र ही दलित, वंचित, आदिवासी विरोधी है। मोदी ने हेमंत पर तंज कसते हुए कहा कि हेमंत सरकार की विदाई होने से पहले इन्होंने भ्रष्टाचार की स्पीड और स्केल दोनों को बढ़ा दिया है।



बुधवार को हरिद्वार में हर की पौड़ी पर श्राद्ध अमावस्या के दिन श्रद्धालु अपने पूर्वजों के लिए श्राद्ध 'तर्पण' अनुष्ठान करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

उजाला संचार

# मरीज को बिना ब्लड चढ़ाए किया डिस्चार्ज, हंगामा

## बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने सीएमएस से की शिकायत, सीएमएस ने दोबारा एडमिट कराया, डॉक्टर चेंज

उजाला संचार

**वाराणसी।** दीन दयाल जिला चिकित्सालय में मरीज को पहले ब्लड चढाने की बता करने और अचानक से डिस्चार्ज करने का मामला सामने आया है। इस जानकारी के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद पहुंचे सीएमएस ने मामला शांत करवाते हुए मरीज को दोबारा एडमिट कर डॉक्टर चेंज किया और मरीज को रक्त चढाने को कहा।

**डॉ पीके सिंह ने अंडर में चल रहा था इलाज**

मरीज के रिश्तेदार और बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर भारती ने बताया- कांशीराम आवास शिवपुर की रहने वाली प्रभावती देवी (65) को 29 सितंबर को खून की कमी के चलते डॉ पीके सिंह के अंडर एडमिट कराया गया था। मरीज को तत्काल दो यूनिट ब्लड चढाने को कहा गया था और उसे आयुष्मान वार्ड में रखा गया था। यहां मंगलवार को एक यूनिट उसे ब्लड चढ़ाया भी



गया पर एक यूनिट की एक और मांग की गई थी।

**2 अक्टूबर को खून लेकर पहुंचे तो नर्स बोली कर दिया डिस्चार्ज**

दयाशंकर ने बताया- परिजन दो अक्टूबर को एक यूनिट ब्लड लेकर पहुंचे तो नर्स ने कहा डॉ साहब ने महिला को डिस्चार्ज कर दिया है। जबकि महिला का हीमोग्लोबिन सिर्फ 5 प्रतिशत है।

उसके बावजूद लापरवाह डॉक्टर ने ऐसा किया है। इसे लेकर दयाशंकर और परीजनों ने नर्स और मेडिकल स्टाफ से बहस करनी शुरू कर दी। इसपर मौके पर सीएमएस पहुंचे।

**सीएमएमस ने मामले को कराया शांत, फिर से कराया एडमिट**

सीएमएस ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और डॉ दिग्विजय सिंह से दयाशंकर से बात कर अपनी समस्या रखी। जिसके बाद उनके पेशेंट को सीएमएस ने दोबारा एडमिट कराया और दूसरे डॉक्टर को उन्हें देखने के लिए नियुक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुरिया स्कूल मुगलसराय (पड़ाव) के स्कूल वाहन चालकों की लापरवाही आई सामने

**उजाला संचार, वाराणसी।** राजघाट से पड़ाव की तरफ स्कूली बच्चों को लेकर जा रही वाहन संख्या वढ 67 टी 8153 को इस वीडियो में देखा जा सकता हैं की कैसे एक ही स्कूल के 4 बस एक दूसरे को ओवरटेक करते हुए तेज रफ्तार में लहराते हुए वाहन चला रहे हैं। स्कूल प्रबंधन व स्थानीय जिला प्रशासन के ध्यानार्थ वीडियो प्रेषित उक्त वाहन चालकों को लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के लिए सबक देने की जरूरत अन्यथा मासूम हो सकते हैं हादसे का शिकार।

### काशी की जनता ने ब्रांड अम्बेसडर नगर निगम पर्यावरण सुनीता सोनी के कार्यों की सराहना की

**उजाला संचार, रोहित सेठ, वाराणसी।** सोनिया पानी टंकी के पास वाराणसी में कूड़े का अंबार लगता हैं जिसको आज सुनीता सोनी ब्रांड अम्बेसडर नगर निगम पर्यावरण के नेतृत्व में साफ कराकर स्वच्छता अभियान व स्वच्छता के लिए जागरूक किया और क्षेत्रवासीयो को शपथ भी दिलाई गई। जिसमे सुनीता सोनी नगर निगम ब्रांड अंबेस्डर एवं महिला व्यापार मंडल अध्यक्ष, राजू सोनी, गणेश मिश्रा राधा सेठ ,हमराज,शिवम सेठ आदि लोग शामिल रहे।





### दैनिक समाचार पत्र के अखबार ढोने वाले हांकर के साथ गाली-गलौच मारपीट, मुकदमा दर्ज

**उजाला संचार, वाराणसी।** थाना सिगरा विद्यापीठ चौकी अंतर्गत लहरतारा पुल के पास सुबह 7.30 बजे 4 से 5 अज्ञात लोगों के द्वारा दैनिक समाचार पत्र का अखबार अर्टिका गाडी से ढोकर ले जाते समय हांकर मनोज कुमार यादव के साथ गाली-गलौच मारपीट कर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। जिसके बाद पिडित ने थाना सिगरा में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। फिलहाल सिगरा पुलिस पिडित के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।





### गांधी जयंती पर ब्रेथ ईजी हॉस्पिटल ने शुरू की से निशुल्क ओपीडी स्वास्थ्य सेवाएं

**उजाला संचार, रोहित सेठ, वाराणसी।** 2 अक्टूबर को जब पूरा देश महात्मा गांधी की जयंती मना रहा हैं, तब ब्रेथ ईजी हॉस्पिटल ने एक विशेष पहल की घोषणा की। इस अवसर पर, हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. एस. के. पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के चलते, हॉस्पिटल अब प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को सुबह 9 बजे से 12बजे तक सभी मरीजों के लिए निशुल्क ओपीडी सेवाएं प्रदान करेगा। डॉ. एस.के पाठक ने बताया ब्रेथ ईजी द्वारा इस पहल के अंतर्गत, मरीजों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए एक सुनहरा अवसर मिलेगा। ब्रेथ ईजी हॉस्पिटल ने अब तक लाखों मरीजों को विभिन्न बीमारियों से राहत दिलाई है, जैसे श्वांस, फेफड़ा रोग, अस्थमा , ब्रोंकाइटिस, टी.बी, एलर्जी, शुगर, निमोनिया, दमा-अस्थमा, खराटे, जनरल मेडिसिन, ह्रदय रोग, बाल रोग सम्बंधित मरीजों को स्पेशलिस्ट द्वारा जैसे - चेस्ट स्पेशलिस्ट, मेडिकल स्पेशलिस्ट, हार्ट स्पेशलिस्ट, क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट, सर्जिकल स्पेशलिस्ट द्वारा उनकी यह सेवा निरंतर जारी है। हॉस्पिटल नियमित रूप से निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की जांच करते हैं और आवश्यक सलाह देते हैं। साथ ही, हॉस्पिटल जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से बीमारियों की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का कार्य भी करता है। इस प्रकार, ब्रेथ ईजी हॉस्पिटल न केवल उपचार प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इस पहल के माध्यम से, ब्रेथ ईजी हॉस्पिटल ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि स्वास्थ्य सेवाएं केवल एक प्रोफेशन नहीं हैं, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी भी हैं, जो सभी को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की दिशा में अग्रसर है।





# जलालीपुरा स्थित गांधी पार्क में पूर्व पार्षद वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि हाजी ओकास अंसारी के नेतृत्व में गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया

उजाला संचार

**रोहित सेठ, वाराणसी।** गांधी जयंती के अवसर पर जलालीपुरा स्थित गांधी पार्क में पूर्व पार्षद वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि हाजी ओकास अंसारी के नेतृत्व में गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रृद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर हाजी ओकास अंसारी ने कहा की गांधी जी ने अहिंसा की राह पर चल कर अंग्रेजों से देश को आजाद कराया और देश की आजादी के बाद एक सशक्त भारत का निर्माण किया । ये गांधी जी की ही देन है भारत सभी धर्म और जाति को एक साथ ले कर चलने वाला देश बना । उन्ही की सोच और मार्ग दर्शन का ही देन है की भारत का संविधान एक शक्तिशाली संविधान बना जो सभी धर्म और जातियों को एक साथ एक धागे में पिरो कर भारत देश पूरी दुनिया में एक शक्तिशाली देश के रूप में आगे बढ़ रहा है । गांधी जी ने पूरे देश वासियों स्वच्छता के साथ रहने की लोगो को सीख दी । आज पूरा देश में स्वच्छता का अभियान चल रहा है । और गांधी जी की देन है हम सभी भारत वासी जात पात को भूल कर एक दूसरे के साथ मिल जुल रहते हैं । आज इस मौके पर हाजी ओकास अंसारी के साथ मौजूद बिस्मिल्ला अंसारी, मकसूद आलम, बेलाल खान, सरफराज, कमर आलम, वसीम अंसारी, मुस्तकीम, समीम, लड्डू अंसारी, अबरार, जुनैद, हफीजुर्रहमान, ओवैस, साजिद वगैरह माजूद थे।



# बारिश के दौरान ढहा जर्जर मकान वाहन मलबे में दबे

उजाला संचार

**वाराणसी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के विशेशवरगंज, पत्थर गली में गुरुवार सुबह एक पुराना जर्जर मकान बारिश के दौरान अचानक ढह गया। इस घटना में गली में खड़े दो-तीन वाहन मलबे में दब गए हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात का जायजा लिया।किरायेदारी विवाद ने रोकी मरम्मत, बड़ा हादसा टला यह मकान स्व. अशोक गौड़ का था, जिनके पुत्र गोपाल गौड़ परिवार सहित दूसरे मकान में रहते हैं। जानकारी के अनुसार, मकान की स्थिति लंबे समय से जर्जर थी, लेकिन किरायेदारी विवाद के कारण मरम्मत नहीं हो पा रही थी। मकान में किराए पर रहने वाले तीन व्यक्तियों सोहन विश्वकर्मा, विनोद कुमार, और अशोक यादव की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई थी। मकान गिरने के बाद इलाके में डर का माहौल है, और लोग प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।मकान की जर्जर स्थिति बनी हादसे की वजह मकान की मरम्मत न हो पाने का मुख्य कारण वर्षों से चल रहा किरायेदारी विवाद बताया जा रहा है।

स्थानीय निवासियों ने इस मामले को प्रशासन के समक्ष उठाते हुए मांग की है कि जल्द से जल्द ऐसे जर्जर मकानों की मरम्मत हो, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।





# नवचेतना कला एवं विकास समिति फुलवारिया (वार्ड न03) वाराणसी ने रामलीला को लेकर की पत्रकार वार्ता

उजाला संचार

**रोहित सेठ, वाराणसी।** सन 1992 से चली आ रही वार्ड न०३ फुलवरिया की श्री रामलीला अपनी उत्कृष्ट छवि व गंगा जमुनी तहजीब के लिए प्रसिद्ध है । वाराणसी की प्रसिद्ध रामलीला में से एक है। 1992 में जिन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए समिति की स्थापना की गयी आज भी संस्थापक डॉ० एस के गुप्ता अध्यक्ष हेमंत कुमार सिंह उपाध्यक्ष सचाऊ यादव , रामाश्रय पाल , सुनील कन्नौजिया महामंत्री विजय प्रसाद गौड़ के कुशल निर्देशन में सभी वर्गों को जोड़ने के साथ साथ रामलीला मंचन के माध्यम से किशोरों, युवाओं में छिपी प्रतिभा को प्रतिभावान बच्चों, युवओं को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभाओं को प्रेरित करने का काम करती आ रही है।

नजमुडदीन समिति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके संस्थापक अध्यक्ष गाँव के सदस्य स्व० निजामुद्दीन अपने जीवन काल तक निर्विवाद रूप में अध्यक्ष रहे, आज भी उनका पुरा परिवार व आशिक अली (श्रृंगारकर्ता) समिति के सदस्य, पात्र व कार्यकर्ता रूप में अपना सहयोग प्रदान करते हैं। दूसरी बात है कि समिति का हर सदस्य (पात्र, वाद्य कलाकार, नृत्य कलाकार, व्यास मंडल, श्रृंगार कर्ता) स्थानीय है।

रामलीला प्रभारी राजेन्द्र पटेल एवं मेला प्रभारी पिन्टू यादव व्यवस्थापक राजकुमार भारद्वाज व मत्येन्द्र सिंह विशेष सहायक सरन मौर्य, डॉ० नगीना, नन्दलाल पटेल, मनन्दन वर्मा मुख्य कार्यकर्ता सचिव मंदीप मौर्य, नीरज वर्मा, मनोज पाल आदि कार्यकताओं के साथ साथ गुलाब मौर्य व शशिकान्त सिंह का सहयोग हैं।

राम बारात इमिलिया घाट से एक भव्यशोभायात्रा के रूप में तथा भरत मिलाप की भव्य ऑकी मानसनगर निवासी सदानन्द कुशवाहा जी के घर से निकलती है। नगरवामियों का तन, मन, धन से मिलने वाले अपार समर्थन के लिए समिति की ओर से आभार व्यक्त करते हैं।





### लायंस क्लब वाराणसी सिल्क सिटी का 25 वॉ संस्थापक दिवस समारोह बड़े धूम धाम से मनाया गया

**उजाला संचार, रोहित सेठ, वाराणसी।** लायंस क्लब वाराणसी सिल्क सिटी का 25 वॉ संस्थापक दिवस समारोह मलदहिया स्थित होटल में सम्पन्न हुआ। सभी पूर्व अध्यक्षों के द्वारा दीप प्रज्वलन से समारोह का प्रारंभ किया गया। अध्यक्ष लायन वैभव मेहरोत्रा ने सभी का स्वागत एवं सम्मान किया। आज के कार्यक्रम का कुशल संचालन आईपीपी लायन आलोक कृष्ण अग्रवाल एवं सीमा अग्रवाल ने किया एवं बताया कि आज के कार्यक्रम की हमारी थीम विरासत ( प्रेरणा के 25 साल ) है आज के दिन हम अपने सभी पूर्व अध्यक्षों , चेयर पर्सन एवं संस्थापक सदस्यों का सम्मान करते हैं सभा में लायन तिलक बर्मन, लायन नरेंद्र गोयनका, लायन अजीत कपूर,लायन राजीव मेहरोत्रा, लायन नवनीत टंडन, लायन शैलेन्द्र रस्तोगी, लायन श्याम कृष्ण, लायन गौरव जैन, लायन अनिल रस्तोगी ,लायन संजय अरोड़ा, लायन रोहित केजरीवाल, लायन आनंद तोदी, चेयरपर्सन लायन हर्षा केजरीवाल, महिला सचिव लायन अनूप्रिया अग्रवाल,लायन पूजा मेहरोत्रा, लायन दीपाली टंडन, छल्ल२ अंशुल जैन, लायन . संगीता रस्तोगी, लायन . निशा रस्तोगी, लायन . डा . स्मिता टंडन, लायन . अमिता जैन, लायन . उर्मिला जाजोदिया इत्यादि मौजूद थे।



### आईआईटी बीएचयू गैंग रेप : एनएसयूआई ने प्रधानमंत्री कार्यालय को सौंपा ज्ञापन

**उजाला संचार, वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू गैंग रेप के मामले में न्याय की मांग कर रहे 13 छात्रों को विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा निलंबित कर दिया गया उनकी निलंबन को वापस लेने के लिए एनएसयूआई पूर्वी के प्रदेशाध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय के नेतृत्व में एनएसयूआई साथियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया. आरोप हैं कि सरकार के दबाव में प्रशासन ने ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया। ऋषभ पाण्डेय ने कहा कि लगातार प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र में अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं जो लोग इनका विरोध करते हैं उनपर मुकदमे लगा कर विश्विद्यालय से निलंबित कर दिया जाता है आईआईटी बीएचयू की छात्रा के साथ जो दुष्कर्म बीजेपी आईटी के लोगों द्वारा किया गया वो साफ नजर आता हैं कि पीएम अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं विश्वविद्यालय के छात्र साथी जो इसका विरोध कर रहे थे उनको विश्वविद्यालय के कुलपति जो की संघी विचारधारा के हैं उन्होंने 13 छात्रों को निलंबित कर दिया. जिसका हम सब विरोध करते हैं आज शांति पुर्ण गांधीवादी तरीके से हम सब साथी ज्ञापन देने प्रधानमंत्री कार्यालय पर आ रहे थे पर सरकार के दबाव में हम सबको रोका गया ज्ञापन लेने से मना किया गया जिसका हम सब विरोध करते हुए प्रशासन के सामने ज्ञापन को फाड़ दिए और वही ऐलान किये की हम सब साथी जल्दी एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय,आयुष यादव,संदीप पाल, गौतम शर्मा, गौरव पटेल,आशुतोष पाण्डेय,निखिल मिश्रा, शिवम सेठ,प्रदीप पाल, सुजीत मौर्य, अनुराग पाठक,रविकांत शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी जयंती पर अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया गया

## पूर्व प्रधानमन्त्री श्री लालबहादुर शास्त्री के जयंती पर विचार गोष्ठी

उजाला संचार

**रोहित सेठ, वाराणसी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए प्रत्येक नागरिक को भय व स्वार्थ से मुक्त होने तथा मानवता की रक्षा हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहने के लिए प्रेरित किया इसी क्रम में महात्मा गांधी के विराट व्यक्तित्व एवं राष्ट्रीय अवदान को भी स्मरण किया तथा पूर्व प्रधानमन्त्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी के जयंती पर कहा कि भागीरथी के तट पर जन्म लेने वाले शास्त्री जी माँ गंगा की तरह निर्मल और शीतल रहे सदैव जनहित मे समर्पित रहे। उक्त विचार सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर स्थित महात्मा गाँधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा जी ने व्यक्त किए। कुलपति प्रो शर्मा ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमन्त्री/राष्ट्र रत्न श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुये कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उनके आदर्श व्यक्तित्व और अनमोल विचारों को याद करना हमेशा प्रेरणादायक होता है। उनके नेतृत्व में हुए कृषि आंदोलन ने देश में खाद्य उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि की, जिससे हमारा देश आत्मनिर्भर बन सका ।शास्त्री जी ने श्वेत क्रांति के माध्यम से देश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान चलाया, जिससे हमारे देश की दुग्ध उत्पादन में विशेष योगदान हुआ। उनका प्रसिद्ध नारा ₹जय जवान, जय किसान₹ आज भी हमें सैनिकों और किसानों के महत्व की याद दिलाता है ।लाल बहादुर शास्त्री के कुछ अनमोल विचार जो हमें जीवन में आत्मसात करने चाहिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो महेंद्र पाण्डेय,डॉ विजय कुमार पाण्डेय,डॉ पद्माकर मिश्र कर्मचारी एवं छात्रगण उपस्थित रहे।





**लापता : आदित्य नारायण पाण्डेय** पुत्र हनुमान प्रसाद पाण्डेय



रंग—सांवला, उम्र 19 वर्ष, कद—5'4", पहनावा – पीले रंग का शर्ट एवं हाफ पैंट पहने हुए दिनांक 18 अगस्त 2024 का शाम 04:30 बजे से लापता हैं। सूचना देने वाले को आकर्षक पुरस्कार किया जायेगा।

मो. 9198986942, 7355514668
डी.एल.डब्ल्यू., उत्तरी ककरमत्ता, वाराणसी

प्रभारी निरीक्षक, थाना मण्डुआडीह
वाराणसी, मो. 9454404393

**उजाला संचार** - मुद्रक, प्रकाश, प्रधान संपादक **महेंद्र कुमार सोनकर** द्वारा मीडिया टेक्स्ट, प्रा.लि. गोबिंदपुर, जीटी रोड, रोहनिया (वाराणसी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। भिखारीपुर, बीएलडब्ल्यू, शहर वाराणसी, (उ.प्र.)। संपर्क : 0542-4059021, 9696104265, 9696104269
समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों के लिए समस्त वाद वाराणसी न्यायाल के अधीन होंगे।